www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan
टोंक | बुधवार, 29 अक्टूबर 2025 | कार्तिक शुक्ल सप्तमी संवत् - 2082
वर्ष : 13 | अंक : 83 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
RNI NO.RAJHIN/2013/52026
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
दैनिक बढ़ता राजस्थान
कदम बढ़ाएं, सच के साथ



# जयपुर में बादलों के बीच छठ पूजा सम्पन्न

**जयपुर।** जयपुर में मंगलवार सुबह रिमझिम बारिश और घने बादलों के बीच पूर्वांचल की संस्कृति साकार हुई। हजारों छठ व्रतियों ने 'उगते सूर्य' को अर्घ्य अर्पित कर 36 घंटे का निर्जला उपवास पूर्ण किया। हालांकि, इस बार सूर्य देव के दर्शन बादलों के पार ही रहे। भोर की बेला में जब व्रती घाटों पर पहुंचे, तो आसमान में सूर्य की सुनहरी किरणों की जगह बादलों की चादर तनी थी। आमेर के मावठे, गलता तीर्थ और कानोता बांध सहित शहर के लगभग 200 घाटों पर हजारों व्रतधारी महिलाओं ने पारंपरिक वस्त्रों में जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य दिया। हाथों में सूप सजाए ठेकुआ, फल और नारियल के साथ उन्होंने छठी मैया से अपने परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। बिहार समाज संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुरेश पंडित ने बताया कि मौसम की अनिश्चितता के बावजूद आस्था डिगी नहीं। व्रतियों ने उगते सूर्य के स्थान पर आसमान की ओर मुख कर अर्घ्य दिया और जल में खड़े होकर पारंपरिक गीत गाए। उन्होंने यह भी बताया कि रामायण काल में भगवान राम और माता सीता ने कार्तिक शुक्ल षष्ठी को छठी मैया की पूजा की थी, जबकि द्वापर युग में द्रौपदी द्वारा भी सूर्य उपासना का उल्लेख मिलता है।

### आंध्र प्रदेश में महिला की मौत, 2 घायल, हवा की रफ्तार 90-100 kmph, समुद्र किनारे के घर गिरे

# चक्रवाती तूफान 'मोंथा' के चलते आंध्र प्रदेश और ओडिशा के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चक्रवात मोन्था का मंगलवार शाम 7.30 बजे से आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम तट से टकराना (लैंडफॉल प्रोसेस) शुरू हुआ जो अभी भी जारी है। इसने 300 किमी का एरिया कवर किया हुआ है। इसके अगले दो घंटे में उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और मछलीपट्टनम-कलिंगपट्टनम के बीच आंध्र प्रदेश-यनम तट को अगले 2 घंटों में पार करने की संभावना है। अभी हवा की रफ्तार 90-100 kmph है, जो 110 kmph तक जा सकती है। मोन्था के कारण आंध्र प्रदेश में समुद्री लहरों से किनारों के घर गिर हैं। कई इलाकों में बिजली के तार टूट गए और पोल गिर गए हैं।





**मछलीपट्टनम में बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप**

चक्रवात 'मोन्था' के असर से आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। तेज हवाओं और लगातार बारिश से कई इलाकों में बिजली के तार टूट गए और पोल गिर गए। इससे पूरा शहर अंधेरे में डूब गया है। चक्रवात के तट से टकराने के दौरान हवाओं की रफ्तार 100kmph तक हो गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। राहत दल स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और बिजली बहाल करने का काम शुरू कर दिया गया है।

### आंध्र प्रदेश की 43,000 हेक्टेयर फसल डूबी

चक्रवात मोन्था के कारण आंध्र प्रदेश की 43,000 हेक्टेयर से ज्यादा फसलें पानी में डूब गईं, जिससे 83,000 से ज्यादा किसान प्रभावित हुए हैं। कुल 292 मंडलों और 1,712 गांवों में नुकसान की सूचना मिली है। सबसे ज्यादा नुकसान धान और कपास की फसलों को हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, कुल क्षतिग्रस्त क्षेत्र का 80% हिस्सा इन्हीं फसलों का है। लगभग 31,267 हेक्टेयर धान की फसल और 15,680 हेक्टेयर कपास की फसल लगातार बारिश और बाढ़ में नष्ट हो गई।

# केंद्र ने 8वें वेतन आयोग की शर्तों को मंजूरी दी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार, 28 अक्टूबर को 8वें वेतन आयोग के टर्म्स ऑफ रेफरेंस यानी शर्तों को मंजूरी दे दी है। अब कमीशन के गठन के बाद ये अपनी सिफारिशें 18 महीने के अंदर देगा। इसके बाद 1 जनवरी 2026 से नया वेतन मान लागू हो सकता है। हालांकि, पुराने ट्रेंड को देखते हुए सिफारिशों को पूरी तरह इम्प्लीमेंट होने में 2028 तक का इंतजार करना पड़ सकता है। यानी, कर्मचारियों को 17-18 महीने का एरियर एकमुश्त या किस्तों में मिलेगा। इससे 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा।

सरकार ने जनवरी 2025 में ही इस कमीशन के गठन का ऐलान किया था। अब टर्म्स ऑफ रेफरेंस को मंजूरी देने का मतलब ऐसे दस्तावेज से है जो बताता है कि आयोग का काम क्या है, काम कैसे होगा, कितने समय में होगा, कौन-कौन शामिल होंगे।

### रंजन प्रकाश देसाई होंगी कमीशन की चेयरपर्सन

कमीशन की चेयरपर्सन सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजन प्रकाश देसाई होंगी। IIM बेंगलुरु के प्रोफेसर पुलक घोष पार्ट-टाइम मेंबर और पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस के सेक्रेटरी पंकज जैन 8वें वेतन आयोग के मेंबर-सेक्रेटरी होंगे।

# RCA विवाद- खिलाड़ियों के गलत सिलेक्शन पर सरकार करेगी जांच

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान खेल परिषद ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (RCA) की एडहॉक कमेटी के कन्वीनर दीनदयाल कुमावत के खिलाफ जांच के आदेश दिए हैं। परिषद के सचिव सुनील भाटी को पूरे मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। खेल विभाग के शासन सचिव नीरज कुमार पवन ने बताया- एडहॉक कमेटी के चार सदस्यों पिंकेश जैन, मोहित यादव, आशीष तिवारी और धनंजय सिंह खींवसर ने खेल मंत्री और सहकारिता विभाग के अधिकारियों से शिकायत की थी। उन्होंने कन्वीनर दीनदयाल कुमावत पर खिलाड़ियों के चयन, होटल बुकिंग, किट बैग की खरीद और खर्चों में अनियमितता जैसे आरोप लगाए। इसके बाद राज्य सरकार ने जांच का आदेश जारी किया। इन सदस्यों का कहना है कि कुमावत ने एडहॉक कमेटी में तानाशाही रवैया अपनाते हुए कई निर्णय एक तरफा लिए है। सचिव सुनील भाटी 7 दिन में रिपोर्ट तैयार कर खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह को सौंपेंगे। RCA एडहॉक कमेटी के कन्वीनर दीनदयाल कुमावत ने खुद पर लगे सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने कहा- खेल परिषद की ओर से 9 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार को उजागर करने के बाद विभाग के अधिकारी अब मुझे डराने की कोशिश कर रहे हैं। यह पूरा प्रोपगेंडा सिर्फ इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के आयोजन को लेकर रचा गया है ताकि फिर से खेल परिषद को IPL की जिम्मेदारी मिल सकें।

# दिल्ली में क्लाउड सीडिंग के बाद भी बारिश नहीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए क्लाउड सीडिंग का दूसरा और तीसरा ट्रायल मंगलवार को हुआ। पहला टेस्ट 23 अक्टूबर को हुआ था। दिवाली के बाद से लगातार एयर क्वालिटी में तेजी से गिरावट आई है। राजधानी की हवा की गुणवत्ता 'बेहद खराब' बनी हुई है। इसके लिए कानपुर से स्पेशल विमान 'सेसना' ने उड़ान भरी थी। विमान ने खेकड़ा, बुराड़ी, मयूर विहार इलाके में 6 हजार फीट की ऊंचाई पर बादलों में दोपहर 2 बजे केमिकल छिड़का। IIT कानपुर और दिल्ली सरकार ने बताया कि ट्रायल के 4 घंटे के अंदर कभी भी बारिश हो सकती है, लेकिन रात



तक नहीं हुई। AAP नेता सौरभ भारद्वाज ने वीडियो बनाकर दिल्ली सरकार के इस ट्रायल का मजाक उड़ाया। हंसते हुए कहा, " 4:30 बज चुके हैं, बारिश नहीं है। उन्होंने कहा, 'बारिश में भी फर्जीवाड़ा, कृत्रिम वर्षा का कोई नामोनिशान नहीं दिख रहा है। इन्होंने सोचा होगा देवता इंद्र करेंगे वर्षा, सरकार दिखाएगी खर्चा।' इधर, दिल्ली सरकार की रिपोर्ट के मुताबिक, मौसम में नमी कम (10-15%) थी, जो क्लाउड सीडिंग के लिए आदर्श नहीं मानी जाती, फिर भी ट्रायल सफल रहा। इससे हवा में मौजूद डस्ट पार्टिकल (PM2.5 और PM10) की मात्रा में कमी दर्ज की गई है। ट्रायल के दौरान नोएडा और ग्रेटर नोएडा में हल्की बारिश हुई।वहीं, ट्रायल से पहले PM2.5 का स्तर मयूर विहार, करोल बाग और बुराड़ी में क्रमशः 221, 230 और 229 था, जो ट्रायल के बाद घटकर 207, 206 और 203 रह गया। इसी तरह PM10 का स्तर 209 से घटकर लगभग 170 के आसपास पहुंच गया।




# हाईटेंशन लाइन से बस में आग, सिलेंडर में ब्लास्ट:2 की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में मंगलवार को एक बस हाईटेंशन लाइन से टकरा गई। बस में करंट आ गया, जिसके बाद आग लग गई। हादसे में उत्तर प्रदेश के रहने वाले 2 लोगों की मौत हो गई, 10 मजदूर झुलस गए।बस के ऊपर सिलेंडर भी थे, जिनमें से एक में विस्फोट हुआ है। मामला जयपुर शहर से 50 किलोमीटर दूर मनोहरपुर इलाके का है। जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी ने बताया कि 65 मजदूरों को टोडी स्थित ईंट भट्टे पर लाया जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। इसमें गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को जयपुर रेफर किया गया है। देश




में बीते 15 दिनों में बस में आग की यह 5वीं घटना है। इससे पहले 14 अक्टूबर को जैसलमेर में बस में आग लगी थी। इसके बाद 24, 25 और 26 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश, यूपी और एमपी में भी ऐसे ही हादसे हुए।

### घायल जयपुर के SMS हॉस्पिटल में भर्ती

बस हादसे की जानकारी मिलते ही जयपुर कलेक्टर जितेंद्र सोनी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि बस में 65 यात्री थे। सभी उत्तर प्रदेश के पीलीभीत के रहने वाले हैं। यहां मजदूरी के लिए ईंट भट्टे पर आए थे। भट्टे पर पहुंचने से करीब 300 मीटर पहले हादसा हो गया। हादसे में नसीम (50) और सहीनम (20) की मौत हो गई।

### जयपुर में चलती कार बनी आग का गोला

जयपुर में चलती कार में अचानक आग लग गई। कार में बैठे दो लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। आसपास से गुजर रहे वाहन चालकों में भगदड़ मच गई। यह देख पुलिस ने तत्काल ट्रैफिक रोक दिया। सूचना पर फायर बिग्रेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसा न्यू सांगानेर रोड पर मानसरोवर क्षेत्र में मंगलवार रात 7:40 बजे हुआ। कार सवार उमेश पूनिया ने बताया कि मेरी चलती कार में अचानक शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई।

## सम्पादकीय

# वेतन आयोग की सौगात, 70 लाख पेंशनधारक लाभान्वित होंगे

केंद्रीय कैबिनेट की ओर से आठवें वेतन आयोग के गठन को स्वीकृति मोदी सरकार की उस घोषणा पर अमल ही है, जो उसकी ओर से इस वर्ष के प्रारंभ में की गई थी। आठवां वेतन आयोग इसलिए भी गठित होना ही था, क्योंकि प्रति दस वर्ष में ऐसा किया जाता है। आठवां वेतन आयोग अपनी संस्तुति तो करीब 18 महीने में देगा, लेकिन उन पर अमल अगले वर्ष जनवरी से होगा। इस वेतन आयोग से 50 लाख केंद्रीय कर्मचारियों के साथ करीब 70 लाख पेंशनधारक लाभान्वित होंगे। आठवां वेतन आयोग गठित करने का फैसला केंद्र सरकार के कर्मचारियों के साथ-साथ राज्य सरकारों के कर्मियों को भी प्रसन्न करने वाला है, क्योंकि जैसे ही केंद्रीय सत्ता वेतन आयोग की सिफारिशों को मंजूरी देती है, वैसे ही एक के बाद एक राज्य सरकारें भी इन सिफारिशों के अनुरूप अपने कर्मियों के वेतन-भत्ते बढ़ाने लगती हैं। समय के साथ केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारियों का वेतन बढना ही चाहिए, क्योंकि महंगाई बढ़ती रहती है। महंगाई के इस दौर में सरकारी कर्मी अपना जीवनयापन सुगम तरीके से तभी कर सकते हैं, जब वे वित्तीय रूप से सक्षम बने रहें, पर उनके बढ़े हुए वेतन-भत्तों का लाभ समाज और देश को भी मिलना चाहिए। यह समय की मांग है कि वेतन आयोग को सरकारी कर्मियों के वेतन-भत्ते बढ़ाने के साथ ही ऐसी भी संस्तुतियां करने को कहा जाए, जिनसे सरकारी कर्मियों की जवाबदेही और उनकी कार्यकुशलता बढ़े। इसका कोई औचित्य नहीं कि सरकारी कर्मियों का वेतन तो बढ़ता रहे, लेकिन उनकी जवाबदेही का स्तर जस का तस रहे। जवाबदेही के अभाव में सरकारी कामकाज से केवल आम लोग असंतुष्ट ही नहीं होते, बल्कि सरकारों के विकास एवं जनकल्याण संबंधी लक्ष्य भी नहीं पूरे होते। इतना ही नहीं, इससे सरकारी कामकाज में नियमों एवं मानकों की अनदेखी भी बढ़ती है और भ्रष्ट तौर-तरीके भी। क्या यह किसी से छिपा है कि जहां किसी तरह का निर्माण होता है या फिर सरकारी तंत्र की अनुमति-संस्तुति या निरीक्षण-परीक्षण चाहिए होता है, वहां आम तौर पर लेन-देन होता है? इससे देश के आगे बढने की गति बाधित होती है। इसके बाद भी पता नहीं क्यों सरकारी कामकाज को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं? भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के तमाम दावों और लोकपाल-लोकायुक्तों के गठन के बाद भी सरकारी तंत्र के रंग-ढंग एक बड़ी हद तक पहले जैसे ही हैं। चंद क्षेत्र ही ऐसे हैं, जहां सरकारी कामकाज का स्तर सुधरा है। आखिर



निजी क्षेत्र अपने कर्मचारियों को जिस तरह जवाबदेही के दायरे में रखता है, वैसे ही केंद्र और राज्य सरकारें क्यों नहीं रख सकतीं और वह भी तब जब वे सुशासन का दावा करती रहती हैं?

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 29 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1709 - इंग्लैंड तथा नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 1794 - फ्रांसिसी सेना ने दक्षिण पूर्वी नीदरलैंड के वेनलो पर क़ब्ज़ा किया।
- 1851 - बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना।
- 1859 - स्पेन ने अफ़्रीकी देश मोरक्को के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- 1864 - यूनान ने नया संविधान अंगीकार किया।
- 1913 - मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में बाढ़ से हजारों लोग मारे गये।
- 1920 - पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के प्रयासों से जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना।
- 1924 - ब्रिटेन में लेबर पार्टी की संसदीय चुनाव में हार।
- 1942 - नाजियों ने बेलारूस के पिनस्क में 16 हजार यहूदियों की हत्या की।
- 1945 - विश्व में पहला बॉल पोइंट पेन बाज़ार में आया।
- 1947 - बेल्जियम, लक्जमबर्ग तथा नीदरलैंड ने बेनेलक्स संघ बनाया।
- 1958 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- 1990 - अफ़्रीकी देश अल्जीरिया में भूकंप से 30 लोग मारे गये।
- 1994 - न्यूयार्क में अमेरिकी भारतीय राष्ट्रीय संग्रहालय का शुभारंभ।
- 1995 - जनमत संग्रह में कनाडा क्यूबेक प्रान्त की जनता ने कनाडा के साथ रहने का निर्णय लिया।
- 1997 - पाकिस्तान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रासायनिक हथियार संधि की पुष्टि।
- 2000 - आइसलैंड के राष्ट्रपति ओलोफर रेगनर ग्रिमसन सात दिवसीय राजकीय यात्रा पर भारत पहुँचे।
- 2001 - पाकिस्तान में कट्टरपंथी कबाइलियों ने पाक अधिकृत कश्मीर के चिलास क़स्बे की हवाई पट्टी, जेल और पेट्रोल पम्पों पर कब्ज़ा किया।

## विशेष आलेख

# राजस्थान कांग्रेसः जिलाध्यक्षों की जंग में एक अनार सौ बीमार

**राकेश दुबे**

राजस्थान कांग्रेस के बीते कई सालों के ज्ञात इतिहास में, पहली बार ऐसा हुआ है कि जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के लिए सीधे नाम तय करने के बजाय जिलों से समर्थन आधारित आवेदन मांगे गए हैं। परंपरागत रूप से अब तक कांग्रेस आलाकमान ही जिलाध्यक्षों की सीधी नियुक्ति करता रहा है, परंतु इस बार संगठन में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आभास देने की कोशिश की गई है। प्रदेश के लगभग 50 जिलों से करीब 3,000 कांग्रेसजनों ने जिलाध्यक्ष बनने के लिए आवेदन जमा किए हैं। हालात, एक अनार सौ बीमार वाले हैं। इतनी बड़ी यह संख्या भले ही पार्टी की आंतरिक सक्रियता दिखाती है, लेकिन साथ ही यह भी सवाल खड़ा करती है कि इतने इच्छुक उम्मीदवारों में से किसे चुना जाए। और सवाल यह भी है कि जिसे चुना जाएगा, क्या बाकी सारे उसके साथ रहेंगे?

**संगठन में खींचतान ज्यादा :** अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव सचिन पायलट और राजस्थान के तीन बार मुख्यमंत्री रहे दिग्गज नेता अशोक गहलोत के समर्थक अपने-अपने नेता के आशीर्वाद से जिलाध्यक्ष पद पाने की उम्मीद में जुटे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी निश्चित रूप से इसी तरह से अपने लोगों को पद पर लाना चाहते ही होंगे। हर गुट चाहता है कि उसके नजदीकी चेहरे को संगठन में स्थान मिले। इसी कारण यह प्रक्रिया लोकतांत्रिक कम और गुटीय शक्ति प्रदर्शन अधिक लगने है, जिससे संगठन में समरसता व आंतरिक लोकतंत्र की बजाय खींचतान की संभावना ज्यादा बढ़ती दिख रही है।

**जिलों में प्रक्रिया पूर्ण, दिल्ली में अंतिम चरण की बैठकों का दौर :** राजस्थान कांग्रेस में जिलाध्यक्ष चयन की प्रक्रिया अब दिल्ली पहुंच गई है। राज्य स्तर पर सभी जिलों में कार्यकर्ताओं से आवेदन और समर्थन जुटाने का दौर समाप्त हो चुका है। अब यह पूरा प्रस्ताव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के पास है। वे 25 अक्टूबर को नई दिल्ली में प्रदेश नेतृत्व व प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के साथ बैठक कर चुके हैं, जिनमें संभावित नामों पर गहन मंथन होना बताया गया है। पार्टी नेतृत्व इस बार ऐसा संतुलन साधने की कोशिश में है, जिससे संगठन में सभी खेमों का प्रतिनिधित्व हो सके। हालांकि प्रदेश के बड़े नेता, विशेषकर गहलोत, डोटासरा और पायलट के बीच की आंतरिक प्रतिस्पर्धा चयन प्रक्रिया पर स्पष्ट रूप से प्रभाव डाल रही है, ऐसा माना जा रहा है। दिल्ली में बैठकों का दौर यह संकेत देता है कि कांग्रेस संगठन अपनी जमीनी और शीर्ष दोनों परतों के बीच संवाद स्थापित करने की कोशिश कर रहा है। लेकिन अंतिम सूची जारी होते ही असंतोष के स्वर उठने तय माने जा रहे हैं।



**गहलोत के बयान का मतलब :** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिलाध्यक्षों के चयन को लेकर 'नेताओं को पंचायती न करने' की सलाह दी है। गहलोत का यह बयान साधारण नहीं माना जा रहा। राजस्थान कांग्रेस में गहलोत का कद सबसे ऊंचा है और उनका हर वक्तव्य संगठन में संदेश की तरह लिया जाता है। दरअसल, गहलोत यह संकेत दे चुके हैं कि जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पूरी तरह संगठन की सामूहिक सोच पर आधारित होनी चाहिए। लेकिन यह बात भी उतनी ही स्पष्ट है कि गहलोत खेमे के कई नेता जिलाध्यक्ष पद के लिए जोरशोर से सक्रिय हैं। उनके इस बयान का सीधा अर्थ यह हैं कि यह पार्टी में एकता का संदेश है, तथा संगठन जो करेगा वही सही होगा। माना जाता है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा मूल रूप से गहलोत के समर्थक हैं। अतः गहलोत विरोधी खेमे में यह भी कहा जा रहा है कि गहलोत अपने प्रतिद्वंद्वी गुटों, विशेषकर पायलट खेमे को अप्रत्यक्ष रूप से चेतावनी दे रहे हैं कि संगठन के फैसले में ज्यादा दखल न दें। उनके शब्दों का असर संगठन के अंदर गहराई तक है और यही कारण है कि जिलाध्यक्षों की नियुक्ति अब शक्ति-संतुलन की बड़ी परीक्षा बन गई है।

**एक पद 50 उम्मीदवार :** कांग्रेस में हर जिले से औसतन 50 से अधिक नेताओं ने जिलाध्यक्ष बनने के लिए आवेदन दिए हैं। यह आंकड़ा बताता है कि पार्टी में स्थानीय स्तर पर महत्वाकांक्षा बहुत ज्यादा बढ़ी हुई है, लेकिन उत्साह भी बहुत है। हालांकि, हर जिले में कम से कम 10 से 15 ऐसे कांग्रेसजनों ने भी आवेदन किए हैं, जिनके साथ जिले भर में 10 कार्यकर्ता भी नहीं है। फिर भी बहुत बड़ी संख्या में लोगों के जिलाध्यक्ष बनने की मंशा पालने की यह स्थिति संगठनात्मक चुनौती भी बन रही है। एक जिले में जब इतने दावेदार होंगे, तो अंतिम चयन के बाद बाकी दावेदारों का समर्थन मिलना बेहद मुश्किल होगा। राजनीति विश्लेषक निरंजन परिहार कहते हैं कि जिस नेता को पद नहीं मिलता, वह अक्सर मौन असंतोष का हिस्सा बन जाता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या चुना गया जिलाध्यक्ष अपने ही जिले के कार्यकर्ताओं का विश्वास जीत पाएगा? हालांकि, कांग्रेस में यह पहली बार नहीं हो रहा, लेकिन इस बार विरोध की संभावनाएं कहीं ज्यादा हैं, क्योंकि सबको खुलकर अध्यक्ष पद के लिए आवेदन का मौका दिया गया है। परिहार कहते हैं कि बहुत संभव है कि जब किसी एक का नाम सामने आएगा, तो असंतोष के स्वर हर जिले से सुनाई देंगे। यह स्थिति संगठन की एकजुटता के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकती है।

**संगठनात्मक चुनौती :** राजस्थान कांग्रेस पहले से ही गुटबाजी की मार झेल रही है। अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते हुए सचिन पायलट ने जिस तरह से 5 साल तक लगातार विरोध किया और खेमेबाजी को हवा दी, उसके बाद से खींचतान जगजाहिर है। पायलट की इसी गुटबाजी को हवा देने तथा खींचतान की वजह से कम से कम 15 सीटों पर हार जाने से कांग्रेस को सरकार से बाहर होना पड़ा। वरिष्ठ पत्रकार हरि सिंह राजपुरोहित कहते हैं कि ऐसे हालात में, जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की इस नई लोकतांत्रिक पद्धति के जरिए, कांग्रेस ने, इस अंतर्विरोध को और गहरा करने का जोखिम उठा लिया है।

# इंटरनेटः समय, स्थान और सीमाओं से परे एक क्रांति

### अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस



प्रो. आरके जैन

*29 अक्टूबर, राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस, सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक लम्हे का उत्सव है, जिसने 1969 में पहला डिजिटल संदेश भेजकर संसार को एक कर दिया।*

एक पल ने सारी दुनिया को एक धागे में पिरो दिया। एक स्क्रीन की झिलमिलाहट, एक तार का जादू, और अचानक हर दिल इतना करीब आ गया कि दूरी बस एक सपना बनकर रह गई। यह इंटरनेट है—वह चमत्कार, जिसने समय और स्थान की दीवारों को रेत की तरह उड़ा दिया। 29 अक्टूबर, राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस, सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक लम्हे का उत्सव है, जिसने 1969 में पहला डिजिटल संदेश भेजकर संसार को एक कर दिया। भारत जैसे देश के लिए, जहां हर गांव की मिट्टी और हर गली की हवा कहानियां गुनगुनाती है, इंटरनेट महज तकनीक नहीं, बल्कि सपनों का उजाला है। यह वह शक्ति है, जो एक किसान को वैश्विक बाजार की चौखट तक ले जाती है, एक छात्रा को विश्व के ज्ञान-सागर से जोड़ती है, और एक छोटे से कस्बे के सपने को दुनिया का मंच देती है। 1969 की वह ऐतिहासिक रात, जब कैलिफोर्निया के यूसीएलए से चार्ली क्लेन ने स्टैनफोर्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट को एक साधारण एलओ संदेश भेजा, मानो दुनिया ने नया सूरज देख लिया। यह आर्पानेट (एडवांस्ड रिसर्च प्रोजेक्ट्स एजेंसी नेटवर्क), अमेरिकी रक्षा विभाग की दूरदर्शी देन, ने ठंडे युद्ध के बीच संचार की अनंत संभावनाएं जगा दीं। भले ही वह संदेश, लॉगिन का अधूरा टुकड़ा, क्रैश हो गया, लेकिन उसने एक ऐसे युग का द्वार खोला, जिसने दुनिया को हमेशा के लिए बदल दिया। 1983 में टीसीपी/आईपी प्रोटोकॉल ने इसकी नींव को अटल बनाया, और 1991 में टिम बर्नर्स-ली के वर्ल्ड वाइड वेब ने इंटरनेट को हर घर की दहलीज तक पहुंचा दिया। 2005 से 29 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसे इंटरनेट उपयोगकर्ता संघ और संयुक्त राष्ट्र के विश्व सूचना समाज शिखर सम्मेलन ने वैश्विक पहचान दी। भारत में यह राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस एक प्रेरणा का प्रतीक है—एक ऐसा देश, जहां 1.4 अरब दिल डिजिटल सपनों की उड़ान भर रहे हैं। भारत में इंटरनेट की कहानी किसी स्वप्निल सैर से कम नहीं। 1986 में ईआरनेट (एजुकेशनल रिसर्च नेटवर्क) ने आईआईटी और आईआईएम जैसे संस्थानों को डिजिटल दुनिया से जोड़ा। 1988 में एनआईसीनेट ने सरकारी संचार को नई रफ्तार दी। लेकिन 15 अगस्त 1995 को वीएसएनएल (विदेश संचार निगम लिमिटेड) की गेटवे इंटरनेट एक्सेस सर्विस ने आजादी का नया अध्याय लिखा। कोलकाता में पहला कनेक्शन, 9.6 केबीपीएस की धीमी गति, और 250 घंटे के लिए 5000 रुपये का मासिक शुल्क, तब इंटरनेट कुछ खास लोगों की पहुंच में था। 1998 में सत्यम इन्फोवे ने निजी इंटरनेट की शुरुआत की, और 2000 के दशक में मोबाइल इंटरनेट ने रफ्तार पकड़ी। 2016 में रिलायंस जियो की 4-जी क्रांति ने जैसे सारी बाधाएं तोड़ दीं। सस्ते डेटा ने गांव-गांव को डिजिटल दुनिया से जोड़ा। 2025 में, ट्राईके अनुसार, भारत में 92 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, और 5-जी के साथ 2030 तक हर हाथ में डिजिटल पहुंच का सपना साकार होने को है। डिजिटल इंडिया, भारतनेट और पीएम वाणी ने गांवों को वाई-फाई हॉटस्पॉट्स से जगमगा दिया।

## लघु कथा

बढ़ता राजस्थान



**अपूर्व संतोष :** एक बार की बात है एक अमीर उद्योगपति ने एक गरीब मछुआरे को आराम से अपनी नाव के किनारे बैठकर सिगरेट पीते हुए देखा। तब उस अमीर उद्योगपति ने मछुआरे से पूछा कि तुम इतने आराम से क्यों बैठे हो जाओ जाकर अपना काम करो और मछली पकड़ो।

मछुआरे ने यह सुनकर बड़े ही सरलता से उत्तर दिया कि मैं आज के कोटा की सारी मछलियां पकड़ ली है अब और मछली पकड़ के क्या करूंगा। तब उद्योगपति ने झल्लाते हुए बोला कि और मछली पकड़ के तू बहुत ज्यादा धन कमा सकता है। यह सुनकर मछुआरे ने कहा कि साहब क्या करूंगा, इतना ज्यादा धन कमा कर, उससे क्या ही होगा? तब उद्योगपति ने उसको समझते हुए कहा कि ज्यादा धन से तू और अधिक नाव तथा मोटरबोट खरीद सकता है। उद्योगपति ने कहा कि फिर तू आराम से जिंदगी गुजार सकेगा। तब मछुआरे ने कहा कि अभी मैं क्या कर रहा हूं अभी भी तो मैं आराम से ही अपनी जिंदगी गुजार रहा हूं।

मैं आपको देखता हूं, आप रोज थके हुए रहते हैं। ना चेहरे पर कोई मुस्कुराहट ना कोई आनंद। आप मुझे देखिए मेरे चेहरे पर आपको रोज मुस्कुराहट दिखाई देगी क्योंकि मेरे अंदर संतोष का धन है।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# 1 हफ्ते तक लौंग का पानी पीने से क्या होता है? हैरान कर देंगे शरीर में होने वाले 5 बदलाव

लौंग, भारतीय रसोई में इस्तेमाल होने वाला एक आम मसाला है। आमतौर पर इसका इस्तेमाल सब्जी या चाय बनाने में किया जाता है। ये न सिर्फ खाने के स्वाद को बढ़ाता है, बल्कि सेहत को भी कई लाभ पहुंचाता है। दरअसल, लौंग में औषधीय गुण भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो कई बीमारियों को दूर करने में मदद करते हैं। इसमें विटामिन, प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, फास्फोरस, पोटेशियम, मैंगनीज और एंटीऑक्सीडेंट जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो सेहत को कई लाभ पहुंचाते हैं। आपने अक्सर लोगों को लौंग की चाय या काढ़ा पीते हुए देखा होगा। लेकिन क्या आपने कभी लौंग का पानी पिया है? जी हां, लौंग का पानी पीने से सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर की कई समस्याओं से छुटकारा मिल सकता है। ऐसे में, अगर आप लगातार एक हफ्ते तक लौंग का पानी पीते हैं, तो शरीर को कई फायदे मिल सकते हैं।

**-इम्यूनिटी बूस्ट करे :** नियमित रूप से लौंग के पानी का सेवन करने से इम्यूनिटी बूस्ट हो सकती है। दरअसल, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से आप कई गंभीर बीमारियों और संक्रमण की चपेट में आने से बच सकते हैं।

**पाचन तंत्र को दुरुस्त करे :** अगर आप लगातार एक हफ्ते तक लौंग का पानी पिएंगे, तो इससे आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में मदद मिल सकती है। दरअसल, इसमें मौजूद यूजेनॉल कम्पाउंड पाचक एंजाइमों के स्राव को उत्तेजित करते हैं।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपको किसी नए पद की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में एकाग्र होकर जुटना होगा।

**वृष**
आज आपके मन में प्रतिस्पर्धा का भाव बना रहेगा। आप अपने वाणी की सौम्यता से लोगों का दिल जीतने में कामयाब रहेंगे। सामाजिक कार्यक्रमों से जुडक़र आप अच्छा नाम कमाएंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। कारोबार में आप कोई बड़ा जोखिम उठाने से बचें। आपको अपने कामों में स्पष्टता बनाए रखनी होगी। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। आपको काम को लेकर यदि कोई समस्या थी।

**कर्क**
आज आपकी नेतृत्व क्षमता बढने से खुशी होगी और कार्यक्षेत्र में आपको टीमवर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। दांपत्य जीवन आनंदमय रहेगा। छोटे बच्चों के लिए आज आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं।

**सिंह**
आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, जिसमें आपको मनपसंद काम मिलेगा और आप मेहनत से काम करके एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके कार्यों में सफलता लेकर आएगा। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता करना होगा, लेकिन आप अपने खर्चों को लेकर बजट बनाकर ही आगे बढ़े।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज से अच्छा रहने वाला है। आपको डूबा हुआ धन मिलने से आज आपको खुशी होगी। आपकी कोई मन की इच्छा की पूर्ति होने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृश्चिक**
आज आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। आपको किसी की सलाह पर ना चले और आपका कोई सहयोगी आपकी मदद के लिए आगे आएगा।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में भी कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। आपका पद भी ऊंचा होगा और आपको इंक्रीमेंट भी मिल सकता है। आपका कोई मित्र आपके कामों में बाधा अटकाने की कोशिश करेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों में बढ़ चढक़र हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आज आपका आत्मविश्वास भी मजबूत रहेगा। आप किसी गरीब की मदद के लिए आगे आएंगे। राजनीति में आपको कोई सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए बढ़ते खर्चो पर लगाम लगाने के लिए रहेगा और आपको अपने आसपास रह रहे विरोधियों को पहचानने की आवश्यकता है। किसी अजनबी की बातों में आकर कोई इंवेस्टमेंट ना करें।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपकी पद और प्रतिष्ठा बढने से आपको काम को लेकर कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आपके सहयोगी कामों में पूरा साथ देंगे, लेकिन आपकी वाणी पर आपको थोड़ा संयम रखने की आवश्यकता है।

## टोंक के दिव्यांग क्रिकेटर शहजान खान का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

बढ़ता राजस्थान



**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** टोंक के एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले दिव्यांग क्रिकेटर शहजान खान ने अपने अथक प्रयासों और मेहनत से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। शहजान ने राजस्थान टीम की दिव्यांग टीम में अपनी जगह पक्की की और तमिलनाडु में आयोजित राष्ट्रीय टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार मैचों में 6 विकेट लिए। शहजान को तेज गेंदबाजी के गुर सिखाने वाले कोच इम्तियाज अहमद ने उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें तेज गेंदबाज के रूप में तैयार किया। शहजान के चयन से टोंक में खुशी की लहर है और उनके कोच इम्तियाज अहमद ने उनकी सफलता का श्रेय उनकी मेहनत और समर्पण को दिया है। शहजान का चयन राष्ट्रीय स्तर पर मुंबईए महाराष्ट्र में होने वाले टूर्नामेंट के लिए किया गया है, जो 5 से 7नवंबर से शुरू होगा। इस टूर्नामेंट में शहजान राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे और अपनी तेज गेंदबाजी से विरोधी टीमों को चुनौती देंगे। शहजान के परिवार और कोच इम्तियाज अहमद ने उनके चयन पर खुशी जताई है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। शहजान की इस सफलता से टोंक के युवाओं को प्रेरणा मिलेगी और वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित होंगे।

## नवभारत साक्षरता उल्लास कार्यक्रम की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** शहर में स्थित अजीम प्रेमजी फाउंडेशन परिसर में टोंक ब्लॉक की नवभारत साक्षरता उल्लास कार्यक्रम की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में टोंक ब्लॉक के समस्त साक्षरता सर्वेयरों ने भाग लिया। कार्यशाला में सहायक परियोजना अधिकारी (साक्षरता) अनिल कुमार चतुर्वेदी, ब्लॉक साक्षरता समन्वयक पुरुषोत्तम जायसवाल, दक्ष प्रशिक्षक विष्णु दत्त दाधीच, सुनील मिश्रा, रजत शर्मा, सुमित दीक्षित, ईश्वर सिंह एवं योगेंद्र सिंह ने सायबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता का प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा महेश शर्मा एवं एसीबीईओ हेमंत दीक्षित का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ। सभी साक्षरता सर्वेयरों को पूरी निष्ठा एवं मेहनत से कार्य करके निर्धारित लक्ष्य को समय पर प्राप्त करने के लिए निर्देश दिए गए।

## दहेज हत्या के मामले में एक युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** पुलिस थाना पुरानी टोंक क्षैत्र में दहेज हत्या के मामले में एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुरानी टोंक थानाधिकारी नेमीचंद गोयल ने बताया कि पुलिस टीम का गठन कर मृतका के पति आरोपी कुलदीप नायक पुत्र स्व. बाबू लाल नायक (32) निवासी वार्ड नं. 48 मोहल्ला करोलियान छावनी थाना पुरानी टोंक जिला टोंक को बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया। पुरानी टोंक थानाधिकारी नेमीचंद गोयल ने बताया कि 24 अक्टूबर की रात्री को मौहल्ला करोलियान टोंक में विवाहिता महिला की संदिग्ध अवस्था में मृत्यु होने के संबंध में परिवादी प्रहलाद पुत्र रमेशचन्द नायक (28) निवासी मामडोली थाना बौली जिला सवाईमाधोपुर ने अपनी बहिन मृतका को ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित करने को लेकर दहेज हत्या की रिपोर्ट पेश की, जिस पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

## दिवाली स्नेह मिलन का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**नगर फोर्ट/ टोंक (कमेलश गौतम)। नगर फोर्ट में स्थित खाटू श्याम** जी के मंदिर में दिवाली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ ! कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र जी सु वालका ने की कार्यक्रम में देव उठनी एकादशी का कार्यक्रम धूम धाम से मनाने को लेकर चर्चा हुई ! देव उठनी एकादशी पर बाबा को 51 द्मद् का केक भोग में लगाया जाएगा मंदिर परिसर को फूलों से सजाया जाएगा और श्याम भजन संध्या का आयोजन करने पर चर्चा हुई । मीटिंग में सुरेन्द्र सुवालका ,सचिव पारस गर्ग,विनोद नागर, विमल जैन, ओम गुरुजी, सुरेंद्र गुरुजी, निखिलव्यास, परमानंद , गिरिराज साहू, कमल साहू, कमलेश राव कार्तिक धाकड़,लीलाधर , रवि नामा, दिनेश जैन, शंभु सुमन,विनोद भारद्वाज,आदि श्याम भक्त उपस्थित थे।

## राज्य में निजी बस ऑपरेटर 5 नवंबर से कर सकते हैं चक्का जाम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** निजी बस ऑपरेटर 5 नवंबर से चक्का जाम कर सकते है। मोटर ऑपरेटरों का कहना है कि परिवहन विभाग की ओर से जैसलमेर हादसे के बाद मनमाने तरीके से बसों को सीज करने की कार्रवाई की जा रही है, जिससे हालात असहनीय हो गए हैं। ऐसे में हड़ताल से प्रदेश के साथ-साथ दिल्ली, गुजरात, पंजाब और अन्य राज्यों में आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यदि सरकार ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो प्रदेश की करीब 20 हजार से अधिक निजी बसें सड़कों से हट जाएंगी। जिसके बाद यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। राजस्थान बस आपरेटर एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने बताया कि परिवहन विभाग मनमाने तरीके से बसों को जब्त कर रहा है और बिना उचित कारण चालान काटे जा रहे हैं।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# सड़क सुरक्षा और आगजनी रोकथाम के लिए समुचित तैयारी करें : जिला कलेक्टर

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और आगजनी की घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए मंगलवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण कर दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु ठोस और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।



कलक्टर कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी अवैध कट बंद करने तथा ग्रामीण सड़कों से राष्ट्रीय राजमार्गों के मिलान बिंदुओं पर स्पीड ब्रेकर बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही, आई-रेड सॉफ्टवेयर पर दुर्घटनाओं की नियमित रिपोर्टिंग, ट्रॉमा सेंटर्स का ऑडिट और ओवरस्पीडिंग की सख्त निगरानी के लिए इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती में आवश्यक परिवर्तन करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने चकचेनपुरा हवाई पट्टी से पुराने ट्रक यूनियन क्षेत्र में हाल ही में हुई दुर्घटनाओं पर चर्चा करते हुए कहा कि संभावित ब्लैक स्पॉट्स की पहचान कर चेतावनी संकेतक, स्पीड लिमिट बोर्ड एवं रिफ्लेक्टर पेंट लगाए जाएं। सड़क किनारे खड़े ट्रकों को तुरंत हटाने और परिवहन विभाग द्वारा जुर्माना लगाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने बरसात से क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत और पेचवर्क कार्य पूर्ण करने, स्ट्रीट लाइट्स को सुचारू रखने तथा सूखे पेड़ों की छंटाई व रिफ्लेक्टिव पेंटिंग करवाने पर जोर दिया। उन्होंने दुर्घटनाओं के दीर्घकालिक कारणों की जांच हेतु समिति गठित कर 15 नवंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

अवैध बजरी खनन पर सख्ती के निर्देश

इस दौरान अवैध खनन रोकथाम हेतु अवैध बजरी खनन की रोकथाम पर जिला कलक्टर ने कहा कि सभी चेक पोस्टों पर कैमरे स्थापित करने के प्रस्ताव शीघ्र भिजवाए जाएं ताकि वाहनों की निगरानी प्रभावी रूप से की जा सके। उन्होंने जप्त बजरी स्टॉक्स की ऑन-स्पॉट नीलामी सुनिश्चित करने और खनिज विभाग द्वारा नए प्लॉट्स की पहचान व वैधानिक प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि पुलिस, खनन, राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त टीमें प्रत्येक सप्ताह संयुक्त अभियान चलाकर अवैध खनन के विरुद्ध कार्यवाही करें और जब्त सामग्री की साइट पर नीलामी की प्रक्रिया सुनिश्चित करें। साथ ही, परिवहन विभाग को ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनिवाल, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी हरी सिंह मीणा, जिला परिवहन अधिकारी संजीव भारद्वाज, सीओ ट्रेफिक पिन्टू कुमार, सहायक खनिज अधिकारी धर्मसिंह मीणा, आरपीएस प्रेम बहादुर सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम के आश्वासन पर 5 घंटे बाद धरना समाप्त

### अवैध बजरी परिवहन में पुलिस की मिली भगत का आरोप जांच कर कार्रवाई का आश्वासन के बाद माने ग्रामीण



बढ़ता राजस्थान

**पीपलू/टोंक (ओपी शर्मा) ।** ग्राम पंचायत बगडवा के ग्राम गुड़ा रामदास के नवरंगपुरा रोड़ पर गांव से बाहर एक वाइक सवार दो लोगों मे से चालक अम्बा लाल बैरवा की मौके पर मौत से घुसाये ग्रामीणों ने परिवार जनों के साथ मिलकर घटना स्थल पर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। सुचना पर पीपलू थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में लेकर चले की बात कही ग्रामीणों ने अपने मांगें पूरी नहीं होने तक शव नहीं उठाने की मांग की ।

ग्रामीणों परिजनों से वार्ता करने तहसीलदार पीपलू कैलाश मीणा घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को 50 लाख नगद सहयोग राशि , परिवार के एक आदमी को सरकारी नौकरी आरोपी को गिरफ्तार कर शक्त से शक्त कार्यवाही करने सब से बड़ा मांग अवैध बजरी खनन परिवहन में मिली भगत मे शामिल पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही करने गांव में से अवैध बजरी परिवहन रोकने के लिए अस्थाई पुलिस चौकी लगाने की मांग की । तहसीलदार और ग्रामीणों के बीच सहमति नही बनने पर उपखंड अधिकारी पीपलू गणराज बडगोती रात 11 बजे घटना स्थल पर पहुंचे ग्रामीणों की मांग पर मृतक के परिवार को संविदा पर नौकरी देने परिवार को सरकारी योजनाओं में मिलने वाले सभी लाभ श्रमिक डायरी से 5 लाख गरीब परिवार भामाशाह योजना मे 5 लाख मुख्य मंत्री कोष से 2 लाख प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभ दिलाने के आश्वासन एवं बजरी परिवहन में शामिल पुलिस कर्मियों की जांच करने गांव अस्थाई पुलिस चौकी खोल कर अवैध बजरी परिवहन रोकने के आश्वासन से रात ग्यारह बजे धरना समाप्त हुआ।

उपखंड अधिकारी पीपलू गणराज बडगोती ने बताया की ग्रामीणों की सभी मांगों पर सहमति होने के बादधरना समाप्त किया गया है। सुबह नियम अनुसार शव का पोस्टमार्टम शव परिजनों को सौंप दिया।

इस अवसर पर डीवाईएसपी पीपलू अरविंद कुमार निवाई डीवाईएसपी मृत्युंजय झिराना थाना प्रभारी रहीमन मीणा बरोनी थाना प्रभारी बृजेंद्र सिंह राठोड़ नायब तहसीलदार रानोली राजेश चौधरी पुर्व सरपंच अम्बा लाल जाट कठमाणा सरपंच गणेश चौधरी मीणा समाज के पुर्व ब्लाक अध्यक्ष छोटू मीणा रामबक्स देवराज सिंह रधुवीर सिंह मोजूद रहे।

## देवशयनी एकादशी से 4 माह में बंद पड़े मांगलिक कार्य शुरु होंगे 2 को

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** विगत आषाढ़ शुक्ला एकादशी 6 जुलाई देवशयनी एकादशी से चार माह में बंद पड़े मांगलिक कार्य आगामी कार्तिक शुक्ला 11 देवोत्थान एकादशी 2 नवम्बर से पुनः प्रारंभ होगें। पं. जगदीश नारायण स्मृति मंच एवं वैदिक शोध संस्थान टोंक के संयोजक डॉ. पं. पवन सागर ने बताया कि आगामी रविवार 2 नवम्बर को देवोत्थान एकादशी देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन की भारत भू-भाग पर अबूझ सावा स्वयं सिद्ध मुहूर्त के नाम से मान्यता है, इस दिन शादी विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, प्राण प्रतिष्ठा, सगाई आदि सभी मांगलिक कार्य किए जाते है, जो सभी प्रकार से श्रेष्ठ होते है। शास्त्रों मान्यताओं के अनुसार विष्णु भगवान राजाबली के पाताललोक में चार माह के लिए जाते है, इस चतुर्मास में पृथ्वी लोक पर कोई मांगलिक कार्य नही किए जाते, इसी कारण से देवउठनी ग्यारस से मांगलिक कार्य पुनरू प्रारंभ होते है। डॉ. पं. पवन सागर के अनुसार 2 नवम्बर को देवउठनी, 5 नवम्बर को कार्तिक पूनम के अबुझ मुहूर्त पर शादी विवाहों की धूम रहेगी। इसके अलावा 12, 22, 25, 27, 30, नवम्बर, 4, 10,11 दिसम्बर को सावे रहेंगे। इसके उपरांत 15 दिसम्बर रात्रि से 14 जनवरी तक धनु सक्रांति होने से मलमाल रहेगा। इसी के साथ 15 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक शुक्र का तारा अस्त रहेगा।

## न्यायाधीश ने वन स्टॉप सेन्टस का मासिक रूप से किया निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोत्तम जोशी)।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया द्वारा राजकीय महिला चिकित्सालय टोंक में संचालित सखी वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। न्यायाधीश जलुथरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर द्वारा निर्भया योजना के अधीन महिलाओं की सहायतार्थ खोले गये वन स्टॉप सेन्टस का मासिक रूप से निरीक्षण किये जाने बाबत् निर्देश प्राप्त हुए हैं। उक्त निर्देशों की अनुपालना में टोंक मुख्यालय पर संचालित वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश द्वारा सेंटर में उपलब्ध सुविधाओं रजिस्टर संधारण, आवासित पीड़ित महिलाओं की सुरक्षा , खान-पान, चिकित्सा एवं परामर्श सेवाओं की गुणवत्ता का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के समय आश्रित महिलाओं के शयनकक्ष में जांच की गई बेडशीट साफ नहीं पाई गई जिसके लिए न्यायाधीश द्वारा उपस्थित इंचार्ज सुनीता देवी को इसे बदलने एवं स्वच्छ रखने हेतु निर्देशित किया गया। केंद्र में मौजूद स्टाफ से बातचीत की। निरीक्षण के दौरान न्यायाधीश ने कर्मचारियों को पीड़ित महिलाओं के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने, उनकी गोपनीयता बनाए रखने एवं हर संभव सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। साथ ही केंद्र की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए गए।

इस दौरान न्यायाधीश ने वन स्टॉप सेन्टर के समस्त स्टॉफ को निर्देशित किया कि जिस मंशानुसार उक्त वन स्टॉप सेन्टर्स को खोला गया है, उसके अनुरूप में सेन्टर में सहायता प्राप्त करने हेतु आने वाली प्रत्येक महिला एवं किशोरी की हर संभव सहायता समय पर की जावे एवं विधिक सहायता की आवश्यकता होने पर आप तुरन्त बिना किसी देरी के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक के कार्यालय को सूचित करे, जिससे कि समय पर पीड़िता को सहायता मुहैया करवाई जा सके एवं साथ कहा गया कि विधिक सेवा प्राधिकरण पीड़िताओं की सहायता के लिये सदैव तत्पर एवं कार्यशील है।

## नाला अवरूद्ध, आमजन परेशान

बढ़ता राजस्थान

**नगर फोर्ट/ टोंक (कमेलश गौतम)।** तहसील मुख्यालय नगर फोर्ट के वार्ड नंबर 9 की तरफ से आने वाला नाला अवरुद्ध। मोहल्ला वासी राजू बासनवाल ,कमलेश,बैरवा,बद्री बैरवा ,आदि ने बताया कि मोहल्ले से आने वाले नाले को कुछ लोगों ने अवरुद्ध कर रखा हे जिससे उसकी सफाई नहीं हो पाती ओर गंदा पानी ओवर फ्लो ओकर राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के सामने फेल कर स्कूल के पीछे जा रहा हे जिससे मोहल्ले वासियों , विद्यार्थियों आदि को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

## गाजे-बाजे से निकाली कलश यात्रा, श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भैरू दरवाजा स्थित श्री राधाकृष्ण गौशाला में मंगलवार से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ हुआ। भागवत कथा के आयोजन को लेकर पुराने शहर स्थित गोपाल जी के मंदिर से श्री राधा कृष्ण गौशाला तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए। रंग बिरंगे परिधानों में सजी धजी सैंकड़ो महिलाएं सर पर कलश धारण कर कलश यात्रा में शामिल हुई। कलश यात्रा के



दौरान जगह जगह पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। गोपालजी के मन्दिर से शुरू हुई कलश यात्रा श्री राधाकृष्ण गौशाला पहुंचकर संपन्न हुई ।उसके बाद श्रीमद् भागवत कथा का रामस्नेही संत हरिराम शास्त्री द्वारा वाचन किया गया । श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में महिला व पुरुष गौशाला पहुँचे। श्री राधाकृष्ण गौशाला अध्यक्ष अशोक कुमार गोयल ने बताया कि श्री राधाकृष्ण गौशाला समिति द्वारा गौसेवार्थ ,गौरक्षार्थ , गौसंरक्षणार्थ संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करवाया जा रहा है। आज कलश यात्रा के बाद शुरू हुई भागवत कथा का समापन तीन नवंबर को होगा। कथा के समापन के अवसर पर विशाल भंडारा होगा। तीन नवम्बर को कथा समापन के दिन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडीलाल मीणा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान श्री राधाकृष्ण गौशाला के संस्थापक सदस्यों का भी कृषि मंत्री डॉ किरोडीलाल मीणा द्वारा सम्मान किया जाएगा।

### लोको पायलट को मिला डिजिटल डैशबोर्ड का साथ

# कोहरे में भी 160 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान होकर गुजर रहे दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर इस बार घने कोहरे में भी ट्रेनों की रफ्तार धीमी करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मथुरा से नागदा के बीच 549 किलोमीटर लंबा रेलमार्ग अत्याधुनिक कवच 4.0 सुरक्षा प्रणाली से लैस हो गया है।

गत जुलाई माह में इस कवच प्रणाली को मथुरा-कोटा सेक्शन के 324 किलोमीटर रेलखंड में चालू किया गया था, अब कोटा से नागदा के बीच भी इसे चालू कर दिया है। सोमवार को कवच 4.0 से सुसज्जित पहली ट्रेन कोटा-वडोदरा एक्सप्रेस (19820) सुबह 11 बजे कोटा से रवाना हुई। इसके साथ ही मथुरा से नागदा के बीच यह ट्रैक 160 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के लिए सक्षम हो गया।

**राजस्थान से होकर गुजर रहा ट्रैक :** यह ट्रैक उत्तरप्रदेश, राजस्थान और मध्यप्रदेश राज्यों से गुजरता है। अब लोको पायलटों को कोहरे या कम दृश्यता में सिग्नल देखने के लिए केबिन से बाहर झांकने की जरूरत नहीं रहेगी। कवच डैशबोर्ड पर सिग्नल दिखेगा। कवच 4.0 को 160 किमी प्रति घंटे की गति तक के लिए अनुमोदित किया गया है।




### स्वदेशी प्रणाली से बढ़ेगी ट्रेनों की सुरक्षा

रेलवे ने कवच स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का स्वदेश में ही डिजाइन, विकास और निर्माण किया है। कवच 4.0 एक प्रौद्योगिकी प्रधान प्रणाली है। इसे अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) ने जुलाई 2024 में अनुमोदित किया था। कई विकसित देशों को ट्रेन सुरक्षा प्रणाली विकसित करने और स्थापित करने में 20 से 30 साल लग गए। वहीं कोटा-नागदा सेक्शन पर कवच 4.0 का निर्माण बहुत ही कम समय में पूरा किया गया है। कोटा मंडल के संकेत और दूर संचार विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के कठिन परिश्रम से यह प्रोजेक्ट कम समय में पूरा हो पाया है।

# इस बदहाल सड़क से रोज गुजरते हैं सांसद और जिला प्रमुख

- इसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बसे हैं सांसद व प्रमुख के पैतृक गांव
- फिर भी पता नहीं कि कहां जाया हो गए मरम्मत के पांच करोड़

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** करीब 70 किमी का सिरोही-रेवदर-मंडार मार्ग, जिस पर जिले की बड़ी हस्तियों के पैतृक गांव हैं, लेकिन इस मार्ग की स्थिति सुधरते नहीं दिख रही। फिर चाहे जिले की सबसे बड़ी पंचायत के मुखिया जिला प्रमुख हो या केंद्र में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद। जी हां, सांसद का पैतृक गांव वाड़ेली और जिला प्रमुख का गांव जीरावल इसी रेवदर-मंडार मार्ग से जुड़े हुए हैं। इनका आवागमन इसी टूटे-फूटे मार्ग से होता है, लेकिन सालभर मरम्मत के लिए स्वीकृत हुआ पांच करोड़ रुपए का बजट कहां जाया हो गया, किसी को पता नहीं।


सिरोही में अनादरा चौराहे पर क्षतिग्रस्त सड़क।

## सालभर बाद भी कुछ नहीं हो पाया

एनएच की मरम्मत और फोरलेन के लिए डीपीआर तैयार करने की खातिर बजट स्वीकृति हुई थी। इस बजट में से करीब पांच करोड़ रुपए की राशि केवल मरम्मत के लिए ही थी, लेकिन सालभर बाद भी इस सडक़ पर ज्यादा कुछ नहीं हो पाया। यहां तक कि एनएच के अधिकारी इस सम्बंध में बात करने से भी कतरा रहे हैं।

## इस मार्ग पर फेल हो रहे सरकार के डबल व ट्रिपल इंजन




## कुछ पैबंद लगाकर इतिश्री कर ली

इस राज्यमार्ग को टोल कंपनी से हटाकर जब राष्ट्राय राजमार्ग के अधीन किया गया तो मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत हुई। इसलिए कि जब तक फोरलेन नहीं बन पाता तब तक वाहन चालकों को आवागमन में समस्या न हो। इसके तहत इस पूरी सडक़ पर जहां समस्या थी उसे मरम्मत करते हुए दुरुस्त करना था, लेकिन महज कुछ जगहों पर पैबंद लगाकर इतिश्री कर ली गई।

**उपलब्धियों का ढिंढोरा ही पीटा गया :** हाल ही में राज्य सरकार की बीस माह की उपलब्धियां बताने का ढिंढोरा पीटा गया, लेकिन जिले की यह मुख्य सडक़ अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। इस रोड से टोल हटाए जाने का श्रेय लेने के लिए भी स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधि ढिंढोरा पीट चुके हैं। वैसे सालभर पहले एनएच के अधीन कर देने के बाद बजट स्वीकृति भी हुई पर मरम्मत कार्य क्यों नहीं हुआ इस पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा।

# योजनाओं की क्रियान्विति के लिए नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** जिला कलक्टर अल्पा चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना का सफल क्रियान्वयन तभी सुनिश्चित होगा जब वरिष्ठ अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करेंगे। जिला स्तरीय अधिकारियों को योजनाओं की कियान्विति के लिए सतत मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। वहीं, शिविर में प्राप्त आवेदनों के सम्बन्ध में लंबित कार्यों को प्राथमिकता देते हुए अतिशीघ्र पूर्ण करवाते हुए सम्बन्धितों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। शिविरों में प्रस्तुत परिवादों का तत्परता से निस्तारण करने, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आवंटित लक्ष्यानुरूप प्रगति लाने, नगरीय निकायों में सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम राजेश गोयल, माउंट आबू उपखंड अधिकारी अंशु प्रिया, सिरोही उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल, रेवदर उपखंड अधिकारी राजन लोहिया, पिंडवाड़ा उपखंड अधिकारी नरेन्द्र जांगिड़, आबूरोड उपखंड अधिकारी शंकरलाल मीणा, शिवगंज उपखंड अधिकारी नीरज मिश्र, एसीईओ शैलेन्द्र जोशी, तहसीलदार जगदीश विश्नोई, सीपीओ सियाराम मीणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सुरक्षा प्रबंधों के बीच होगी वीडीओ सीधी भर्ती परीक्षा




बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा 2025 की व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को बोर्ड अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज की अध्यक्षता में बैठक हुई। परीक्षा 2 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर आयोजित करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा आयोजन एक संवेदनशील कार्य है। परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सफल आयोजन के लिए बोर्ड की ओर से परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, बायोमैट्रिक्स, फ्रिस्किंग एवं मेटल डिटेक्टर आदि सुरक्षा सेवांएं प्रदान की जा रही है। इस दौरान उन्होनें बोर्ड से किए गए विभिन्न नवाचारों की जानकारी भी दी। कहा कि परीक्षा को निष्पक्षता से सम्पन्न करवाना बोर्ड की प्राथमिकता है।

**कुल १२ केंद्रों पर करवाएंगे परीक्षा :** परीक्षा समन्वयक अधिकारी एडीएम राजेश गोयल ने बताया कि जिले में कुल १२ परीक्षा केन्द्र है, जिसमें सरकारी विद्यालय व महाविद्यालय 8 एवं निजी शिक्षण संस्थान 4 है। परीक्षा जिला मुख्यालय पर होगी। परीक्षा में अधिकतम आवंटित कुल अभ्यर्थी 3120 है। परीक्षा को लेकर छह उपसमन्वयक नियुक्त किए गए हैं। सतर्कता दल गठित किए जा चुके हैं। परीक्षा से सम्बन्धित विविध जानकारी के लिए जिला कलक्टर कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। इसके दूरभाष नंबर 02972-225327 है तथा नियंत्रण कक्ष 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक कार्यरत रहेगा।

# रक्तदान शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** शहर की प्रतिष्ठित नेचरल सीमेको कंपनी और सरल ब्लड बैंक के सयुंक्त तत्वावधान में गुड़ली स्थित सीमेको प्लांट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया और समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि हर वर्ष यहाँ पर रक्तदान शिविर का आयोजन होता है, जिसमें सभी लोग स्वेच्छा से भाग लेते हैं और लोगों की जान बचाने के लिए रक्तदान करने के लिए जागरूक करते हैं। कंपनी के निर्देशक दीपक परिहार भी नियमित रूप से रक्तदान करते हैं। इस रक्तदान शिविर में कुल 51 लोगों ने रक्तदान किया और इस पहल का उद्देश्य लोगों की जान बचाने के लिए रक्त की आवश्यकता को पूरा करना है। नेचुरल सिमेको प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जियो पॉलिमर सीमेंट बनाती हैं, इस तकनीक में ग्रीन सीमेंट का उपयोग किया जाता हैं जो कि पूरी तरह से तराई मुक्त हैं। ये पदार्थ पूरी तरह से इको फ्रेंडली अर्थात इसका पर्यावरण पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता हैं।

# विद्यापीठ-21वां दीक्षांत समारोह 13 को



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की ओर से आगामी 13 नवम्बर को आयोजित 21वें दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत की अध्यक्षता में तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। आयोजन की जानकारी देते हुए कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि समारोह में 5000 से अधिक विद्यार्थी एवं शहर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में 05 नवम्बर, 2025 तक के पीएचडी धारको को उपाधियॉ तथा वर्ष 2024-25 में स्नातक तथा स्नातकोत्तर परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उपाधि एवं स्वर्ण पदक दिये जायेगे। सम्बंधित विद्यार्थी को 07 नवम्बर तक निर्धारित फार्म भरना आवश्यक होगा। उपाधि धारकों को सफेद कुर्ता, पाजामा तथा छात्राओं के लिए सफेद सलवार कुर्ता या साड़ी पहनना अनिवार्य होगा। समारोह के सफल आयोजन हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन ने बताया कि कला, वाणिज्य, विज्ञान, विधि, एग्रीकल्चर, कम्युटर साईंस, एमबी, सोशल वर्क, नर्सिंग, एज्युकेशन, डीफार्मा सहित विभिन्न विषयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 44 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जायेंगे।

# अवैध बजरी खनन पर चला बुलडोजर, माइनिंग विभाग व प्रशासन की संयुक्त टीम का अभियान जारी

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए प्रागपुरा थाना पुलिस ने मंगलवार को खनन विभाग व प्रशासनिक टीम के साथ मिलकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। अवैध बजरी भंडारण की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भूरीभड़ाज क्षेत्र के नर्सरी गोशाला, बनाड़ी बांध क्षेत्र सहित अन्य स्थानों में संयुक्त अभियान चलाया। कोटपूतली-बहरोड़ जिला सीनियर माइन फोरमैन दिनेश कुमार यादव व प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पावटा तहसीलदार संजय खेदड़ और सुदरपुरा ढाढा ग्राम पंचायत के पटवारी गुल्लाराम यादव सहित खनन विभाग की टीम मौजूद रही।

# सरस घी के दामों में फिर लगी आग, महंगाई से जूझते आमजन को लगा झटका

बढ़ता राजस्थान

**अजय सैनी व ओपी बायला ने जताई गहरी चिंता**





पावटा (नि.स.)। महंगाई से राहत देने के केंद्र सरकार के फैसले का असर अब आमजन तक नहीं पहुंच पा रहा है। केंद्र की मोदी सरकार ने बीते महीने घी, पनीर सहित कई डेयरी उत्पादों पर जीएसटी घटाकर जनता को राहत देने की घोषणा की थी। इसके बाद राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ने भी सरस घी के दामों में 37 रुपए प्रति लीटर तक की कमी की थी। लेकिन अब राहत पर पानी फेरते हुए राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ने सरस घी के दामों में एक बार फिर भारी बढ़ोतरी कर दी है। नई दरों के अनुसार अब एक लीटर सामान्य सरस घी 551 रुपए से बढक़र 581 रुपए में मिलेगा, जबकि गाय का घी 570 रुपए से बढक़र 600 रुपए प्रति लीटर हो गया है। इसी प्रकार 15 किलोग्राम टिन पैक (सामान्य घी) अब 603 रुपए के बजाय 633 रुपए प्रति किलोग्राम तथा गाय का घी टिन पैक 622 रुपए से बढक़र 652 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने 22 सितंबर को दूध से बने उत्पादों पर जीएसटी 12प्रतिशत से घटाकर 5प्रतिशत कर दिया था। जिन पर पहले से 5प्रतिशत जीएसटी लागू थी, उन्हें शून्य कर दिया गया था। इस निर्णय के बाद सरस घी की कीमतों में कमी आई थी और इसे उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत बताया गया था। लेकिन अब कंपनियों द्वारा कीमतों में दोबारा बढ़ोतरी से यह राहत केवल कागजों तक सीमित रह गई है। ब्लॉक कांग्रेस पावटा संगठन महामंत्री अजय सैनी और समाजसेवी ओपी बायला ने इस बढ़ोतरी को मध्यम वर्ग और आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ा झटका बताया है। अजय सैनी ने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे आमजन के लिए घी जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों का महंगा होना अत्यंत दुखद है। सरकार को उपभोक्ताओं की परेशानी को समझते हुए मूल्यवृद्धि पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश देने चाहिए। वहीं समाजसेवी ओपी बायला ने कहा कि त्योहारी सीजन के तुरंत बाद इस तरह की बढ़ोतरी आम लोगों की जेब पर सीधा असर डालेगी। सरकार को सरस घी के दाम वापस लेने या उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सब्सिडी की व्यवस्था करनी चाहिए। सैनी व बायला ने एक स्वर में कहा कि जब सरकारें 'महंगाई पर नियंत्रण' के दावे कर रही हैं, तब ऐसे फैसले आमजन की उम्मीदों पर पानी फेरने जैसे हैं। उन्होंने मांग की कि उपभोक्ताओं के हित में तत्काल प्रभाव से इस मूल्यवृद्धि को वापस लिया जाए।

# भारत वुमन चेंबर का पारिवारिक दीपावली मिलन समारोह संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** भारत वुमन चेंबर आफ़ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज़ का पहली दीपावली मिलन समारोह सोमवार 27 अक्टूबर को होटल विस्टा ग्रैंड सेंट्रल में पारिवारिक सदस्यों के साथ आयोजित किया गया। डॉ नीता मेहता ने स्वागत उद्बोधन दिया। समारोह में उपस्थित सदस्यों एवं परिजनों ने संगीतमय प्रस्तुति दी। डॉ रीना राठौर, विधि मेहता , शिखा सिंघल, श्वेता चौधरी, डॉ चित्रा लड्डा, चेतन चौधरी, सिद्धार्थ लड्डा आदि ने अपनी आवाज़ मे 1970 से 2025 तक के गानो से समाँ बाँधा। वत्सल लड्डा ने गिटार पर बहुत ही सुंदर प्रस्तुति दी। शैलेश सिंघल, आर्यन सिंघल, क्षितिज कुम्भट ने शायरी प्रस्तुत की। डॉ नीता मेहता ने कविता पाठ किया, समारोह में उपस्थित माया कुम्भट , डॉ शालिनी भार्गव, मीनु कुम्भट ने अपने विचार व्यक्त किये। मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ चित्रा लड्डा ने किया।

# चिकित्सक दुल्हा-दुल्हन 2 को करेंगे चक्रवर्ती विवाह,बैण्ड-बाजा,घोड़ी रहित होगा विवाह

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** पढ़ा-लिखा या अनपढ़ व्यक्ति हर कोई अपनी शादी को धूम धड़ाके,बैण्ड बाजे के साथ, शाही खाना करता है लेकिन यदि आपको यह बतायें कि इस जमानें में पढ़े लिखे और यहां तक की चिकित्सक दुल्हा-दुल्हन शादी के शोर-शराबो,धूम धड़ाकों से दूर रह कर जैन धर्म की संस्कार विधि का अनुसरण करते हुए साधु-सन्तां का आशीर्वाद ले कर चक्रवर्ती विवाह कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश करेंगे तो यह हम सभी के लिये आश्चर्य होगा। यह विवाह इस महंगाई एवं दिखावें के जमानें में दूसरों के लिये प्रेरणा देगा। डॉ. कविता बडज़ात्या व अनिल बडज़ात्या के पुत्र डॉ. प्रशान्त बडज़ात्या व पुत्रवधु बनने वाली डॉ. गुन्जन आगामी 2 नवम्बर को बलीचा स्थित ध्यानोदय तीर्थ क्षेत्र में चक्रवर्ती विवाह करेंगे। इस विवाह में दुल्हा-दुल्हन ढोल के साथ ध्यानोदय क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। ततपश्चात वहां भगवान का पक्षाल कर उस पक्षाल को दुल्हा अपने सुसराल पक्ष को देगा। उसके बाद दोनों वहीं पर पंच परमेष्ठि विधान में बैठेंगें। उस विधान का रंगोली का माण्डला बनाया जायेगा। जिसमें 108 फल का अर्घ्य चढ़ाया जायेगा। तत्पश्चात दुल्हा-दुल्हन उस माण्डला व हवन कुण्ड के फेरे लेंगे। उस दिन दोनों का एकासना रहेगा। फेरे के पश्चात प्रसाद के रूप में भोज का आयोजन होगा। ध्यानोदय क्षेत्र से ही शाम को नव दम्पत्ति सीधे तीर्थ यात्रा के लिये निकल जायेंगे। जहां वे 3-5 दिन तक विभिन्न जैन तीर्थो की यात्रा करने के पश्चात साधु-सन्तों का आशीर्वाद ले कर गृहस्थ जीवन में प्रवेश करेंगे। दुल्हा-दुल्हन का मानना है कि हमें अपनी पुरातन संस्कृति को वापस लाना है। जिसकी शुरूआत किसी न किसी को करनी होगी।

## नियमित टीकाकरण के माईक्रोप्लान की समीक्षा को लेकर जिला स्तर पर कार्यशाला

# डब्लूएचओ एवं चिकित्सा विभाग के संयोजन में हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद(सुरेश बागोरा)।** नियमित टीकाकरण के तहत गांव स्तर से तैयार माईक्रोप्लान को लेकर सभी सैक्टर के चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों के साथ समीक्षा की गई जिसमें टीकाकरण सत्र, वैक्सीन की संख्या, वैक्सीनेटर्स की संख्या एवं प्रभावी टीकाकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई तथा माईक्रोप्लान में फिल्ड से रही कमीयों को लेकर विस्तार से जानकारी देकर संशोधित माईक्रोप्लान तैयार कर भिजवाने के लिये निर्देशित किया गया। सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लियें संचालित कार्यक्रमो के तहत नियमित टीकाकरण एक महत्वपूर्ण सूचकांक है, इसलिये टीकाकरण कार्यक्रम की गुणवत्ता तथा प्रभावी संचालन के लिये चिकित्सा अधिकारी प्रभारीयों को सक्रीयता के साथ माईक्रोप्लान को तैयार करने के साथ ही क्रियान्वयन में सहभागिता सुनिश्चित करनी है। उन्होंने जिला स्तर से विभिन्न कार्यक्रमो के लिये जारी दिशा निर्देशो को गम्भीरता के साथ पालना करने तथा स्वास्थ्य कार्मिको एवं आशा सहयोगिनीयों से सतत संवाद कर नियमित समीक्षा करने के लिये निर्देशित किया। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेश मीणा ने टीकाकरण के महत्व, प्रभावी टीकाकरण कार्ययोजना, टीकाकरण सत्र आयोजन हेतु योजना, टीकाकरण की दृष्टी से उच्च जोखिम वाले क्षेत्रो चिन्हीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमो की भी समीक्षा की तथा प्रसव पूर्व जांच के लिये रजिस्टर्ड गर्भवती महिलाओं की शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण प्रसव जांच तथा संस्थागत प्रसव सुनिश्चत करने के लिये निर्देशित किया।कार्यशाला में सैक्टरवार माईक्रोप्लान की समीक्षा की गई तथा प्रभावी टीकाकरण के लिये प्रभावी माईक्रोप्लान पर विस्तार से चर्चा की गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एसएमओ डॉ स्वाति मित्तल, डब्लूएचओ कॉर्डिनेटर डॉ अमित ने पीपीटी के माध्यम से माईक्रोप्लान की वस्तुस्थिती को दर्शाया। बैठक में सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानो के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी उपस्थित थे।

**2 नवंबर को ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) भर्ती परीक्षा, जिले में 20 केंद्रों पर 6396 अभ्यर्थी होंगे शामिल**

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने ली बैठक

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद(सुरेश बागोरा)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने मंगलवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ आगामी ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक ली। बैठक में एडीएम नरेश बुनकर, जिला कोषाधिकारी विशाल अग्रवाल, पुलिस उपाधीक्षक, समस्त केन्द्राधीक्षक, उप समन्वयक, पर्यवेक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्षआलोक राज ने परीक्षा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, डमी अभ्यर्थियों की पहचान, फ्रिस्किंग, सुरक्षा उपायों एवं गोपनीयता जैसे संवेदनशील विषयों पर अपने अनुभव साझा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारी समन्वय बनाए रखें। कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज ने जिला प्रशासन से तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य समस्त आगामी भर्ती परीक्षाओं के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

**6396 अभ्यर्थी होंगे शामिल :** उल्लेखनीय है कि 2 नवंबर 2025 (रविवार) को जिले में ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा के लिए जिले में कुल 20 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 9 सरकारी एवं 11 निजी संस्थान शामिल हैं।

इन परीक्षा केंद्रों पर कुल 6396 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे, जिनमें 3920 अभ्यर्थी राजसमंद जिले से तथा 2476 अभ्यर्थी पाली जिले से होंगे। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। सुबह 10 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**गाइडलाइन का करना होगा सख्त अनुपालनः :** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री नरेश बुनकर ने ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि वे बोर्ड कार्यालय की संबंधित विज्ञप्तियों में वर्णित सभी निर्धारित पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता की शर्तों को पूर्ण करते हों।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी रेल या बस की छत अथवा पायदान पर बैठकर या खड़े होकर यात्रा न करें। परीक्षा केंद्र पर एवं यात्रा के दौरान पूर्ण अनुशासन बनाए रखें, अन्यथा आपके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ-साथ परीक्षा निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जा सकती है।

अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे परीक्षा केंद्र पर निर्धारित परीक्षा समय से दो घंटे पूर्व अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि आवश्यक तलाशी प्रक्रिया के बाद समय पर परीक्षा कक्ष में अपने निर्धारित स्थान पर बैठ सकें।

## बूंदी महोत्सव 2025: जिला कलक्टर ने किया पोस्टर का विमोचन, 8 नवम्बर से होगा आगाज

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** 'छोटी काशी के नाम से विख्यात बूंदी के सतरंगी 31वें पर्यटन पर्व 'बूंदी महोत्सव 2025 के पोस्टर का विमोचन मंगलवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने महोत्सव के प्रचार-प्रसार में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही और बताया कि महोत्सव के लिए पीले चावल देकर आमंत्रण की शुरुआत की जाएगी।



विमोचित पोस्टर में गढ़ पैलेस और झील के मनोरम दृश्यों के साथ-साथ लोक कलाकारों के दृश्य भी दर्शाए गए हैं। पोस्टर विमोचन के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर रामअवतार मीणा, पर्यटन अधिकारी प्रेम शंकर सैनी, और छायाकार नारायण मंडावरा भी मौजूद रहे।

**तीन दिवसीय बूंदी महोत्सव का कार्यक्रम**

जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बताया कि बूंदी महोत्सव का भव्य शुभारम्भ 8 नवम्बर को होगा और यह तीन दिनों तक चलेगा।

**8 नवम्बर 2025- महोत्सव का भव्य शुभारम्भ :** प्रातः 8.30 बजेः गढ़ गणेश की पूजा-अर्चना व झंडारोहण के साथ भव्य शुभारम्भ होगा। **प्रातः 9.00 बजेः** नवल सागर से भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ होगा, जो प्रमुख मार्गों से होते हुए पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचेगी।

पुलिस परेड ग्राउंड पर विदेशी पावणों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। कैनवास पेंटिंग वर्कशॉप का भी आयोजन किया जाएगा।

शाम नवल सागर झील में दीपदान और भव्य आतिशबाजी होगी। सायं 7.30 बजे डेजर्ट सेम्फनी में लोक कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे। अन्य स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमः इंद्रगढ़ और तालेड़ा में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## जनसंख्या स्थायित्व के क्षेत्र में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में जनसंख्या स्थायित्व एवं परिवार कल्याण कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों, संस्थाओं एवं पंचायत समितियों को सम्मानित करने हेतु सोमवार को आईएमए हॉल में जिला स्तरीय सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी अक्षत कुमार रहे, जिन्होंने परिवार कल्याण क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्वास्थ्य कार्मिकों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं संस्थाओं को नकद पुरस्कार, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। समारोह में पंचायत समिति मांडलगढ़ ने वर्ष 2024-25 में परिवार कल्याण कार्यक्रमों के अंतर्गत 435 नसबंदी एवं 478 पीपीआईयूसीडी लक्ष्य अर्जित कर जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर पंचायत समिति मांडलगढ़ को दो लाख रुपये, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिले के उप जिला चिकित्सालयों में से उप जिला चिकित्सालय मांडल को श्रेष्ठ उपलब्धि पर 50 हजार रुपये, मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में सीएचसी सांगरिया एवं पीएचसी ढिकोला को निर्धारित मापदंडों के अनुसार श्रेष्ठ कार्य हेतु 50-50 हजार रुपये, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायत दौलतगढ़, राक्षी, चावंडिया, बराठिया, खजूरी, देवरिया, ढिकोला, भोपतपुरा, झंझोला, चांदरास, रूपाहेली खुर्द, गेहूंली एवं स्वरूपगंज के सरपंचों, जनप्रतिनिधियों, चिकित्सा अधिकारियों, एएनएम व आशा सहयोगिनियों को प्रति ग्राम पंचायत 50-50 हजार रुपये, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। समारोह में जनसंख्या स्थायित्व के क्षेत्र में वर्ष 2024-25 में ब्लॉक स्तर पर श्रेष्ठ कार्य करने वाले चिकित्सकों, कार्मिकों, एएनएम एवं आशा बहनों को भी विशेष रूप से मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## राज्य स्तर पर गूंजा श्रीजी ग्रुप का नाम, बना बेस्ट ग्रुप, जानवी भारवानी बनीं बेस्ट प्रेसिडेंट, महेंद्र छाजेड को मिला बेस्ट सचिव का सम्मान




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ श्रीजी ने अपने उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों से एक बार फिर शहर का गौरव बढ़ाया है। रविवार को भीलवाड़ा में आयोजित जायंट्स वेल्फेयर फाउंडेशन फेडरेशन-9 के राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में श्रीजी ग्रुप को बेस्ट ग्रुप का खिताब प्रदान किया गया समारोह में वर्ल्ड डिप्टी चेयरपर्सन एस. पी. चतुर्वेदी, स्पेशल कमेटी मेंबर देवेंद्र गेलडा, सुरेंद्र जैन और प्रदेश अध्यक्ष के. एल. गहलोत्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर राजस्थान के 35 ग्रुप्स ने हिस्सा लिया, जिनमें जोधपुर के पाँच, जयपुर के दो तथा अन्य शहरों के ग्रुप भी शामिल थे। कार्यक्रम में जानवी भारवानी को बेस्ट प्रेसिडेंट, महेंद्र छाजेड को बेस्ट सचिव और ग्रुप के सक्रिय सदस्यों दमयंती जयपाल व सुंदर रावल को उत्कृष्ट सेवाओं हेतु राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया शहर के सभी सामाजिक और प्रतिष्ठित वर्गों ने श्रीजी ग्रुप की इस उपलब्धि पर बधाइयाँ दीं अध्यक्ष जानवी भारवानी ने बताया कि श्रीजी ग्रुप भविष्य में भी सेवा और मानवता के कार्यों में समर्पित रहेगा। उन्होंने बताया कि दिसंबर माह में मथुरा की पावन भूमि पर होने जा रहे जायंट्स वेल्फेयर फाउंडेशन के नेशनल कन्वेंशन में देश-विदेश के लगभग 3000 सदस्य शामिल होंगे, जिसमें श्रीजी ग्रुप भी इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनेगा।

## भाजपा आज कपासन में करेगी आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी बचत सम्मेलन का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी बचत महोत्सव सम्मेलन का आज 29 अक्टू. 2025 बुधवार को विधायक अर्जुनलाल जीनगर सहित क्षेत्रीय भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में आयोजन किया जायेगा।जिसमे भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्त्ता,समस्त भाजपा मोर्चा अध्यक्ष, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य,जिला परिषद सदस्य,शक्ति केंद्र संयोजक,सहसंयोजक,बूथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओ द्वारा सम्मेलन में भाग लिया जायेगा। भाजपा नगर कपासन मंडल अध्यक्ष राज विजयवर्गीय ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर के सानिध्य में बुधवार दोपहर 1 बजे नगर के चुंगीनाका मार्ग स्थित एसआर वाटिका में आत्मनिर्भर भारत एवं जीएसटी बचत महोत्सव सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा।भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विजयवर्गीय द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर उक्त सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह किया गया।

### पूर्वांचल जन चेतना सेवा समिति ने संभाली कमान, बारिश के बावजूद घाटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

# डूबते सूर्य को अर्घ्य के साथ मनाया छठ महापर्व

### पुरुष व महिलाओं ने जल में खड़े होकर दिया सूर्यदेव को अर्घ्य

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** लोक आस्था और सूर्य उपासना के प्रतीक छठ महापर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं, सोमवार शाम को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ छठ का पर्व मनाया। भक्ति, श्रद्धा और उत्साह से ओत-प्रोत माहौल में शहर के मानसरोवर झील व वाटर वर्क्स, नेहरू तलाई, पटेल नगर विस्तार और देवनारायण सर्किल पर घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर सूर्यदेव से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

**श्रद्धालुओं के जोश में कोई कमी नहीं :** सुबह से हल्की-फुल्की बारिश और ठंडी हवाओं के बावजूद श्रद्धालुओं के जोश में कोई कमी नहीं दिखी। पूर्वांचल जन चेतना सेवा समिति की ओर से घाटों पर सुबह से ही तैयारियों का दौर जारी था। समिति के पदाधिकारी और सदस्य पूरे समर्पण भाव से व्यवस्था संभाले रहे ताकि किसी भी व्रती को अशुद्धता, असुविधा या गंदगी का सामना न करना पड़े।

**सुरक्षा और स्वच्छता पर खास फोकस :** समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार राय ने बताया कि समन्वय से प्रशासन ने भी प्रभावी इंतजाम किए। घाटों पर एसडीआरएफ टीम, मेडिकल टीम, पुलिस व एम्बुलेंस सेवा तथा अग्निशमन वाहन तैनात रहे। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर भीड़ नियंत्रण किया गया। स्वच्छता के लिए नगर निगम की टीमें लगातार सफाई कार्य में जुटी रहीं।



**घाटों पर भक्ति का उत्सव :** छठ घाटों पर शाम होते ही दीपों की रौशनी और भजन-कीर्तन के सुरों से वातावरण आध्यात्मिक बन गया। पुरुष एवं महिलाएँ पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर दऊरा लेकर जल में खड़े रहें और भगवान सूर्य से अपने परिवार की मंगलकामना की। व्रतधारियों की सेवा में समिति के पदाधिकारी व सदस्य प्रसाद वितरण, मार्गदर्शन और व्यवस्था संभालते नजर आए।

**उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ कार्यक्रम होगा समापन :** मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ होगा समापन यह पर्व चार दिनों तक चलने वाला है, जो मंगलवार की सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ संपन्न होगा। इसके साथ ही व्रतधारी अपने 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण करेंगे।

**बारिश भी न रोक सकी आस्था की लहर :** हजारों व्रती परिवारों सहित पहुंचकर सूर्यदेव की आराधना में लीन नजर आए, घाटों पर सजे पारंपरिक पूजा स्थलों, दीपों की रौशनी और छठ गीतों की गूंज ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

**यह रहें उपस्थित :** डॉ. अशोक सिंह, रोशन सिंह, सूरज गुप्ता, कामेश्वर शाह, सुरेश चंद्रवंशी, फुलेन्द्र गुप्ता, कामेन्द्र सिंह, दिनेश कामत, वीरेंद्र गिरी आदि उपस्थित थे।

## बेमौसम बारिश से खरीब की फसलों को नुकसान, किसानों की बढ़ाई चिंता

### कपासन के जल स्त्रोतों में पानी की भी हुई आवक

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** बेमौसम हुई रिमझिम एवं तेज बारिश से क्षेत्रीय जलस्त्रोतों में पानी की आवक के साथ बाजारों में सन्नाटा पसरा तो खेतों में पड़ी फसलों ने किसान वर्ग की चिंता बढ़ा दी है।



जानकारी अनुसार उपखंड क्षेत्र कपासन में रविवार सांयकल से ही घने बादलों ने अपना डेरा डालना प्रारंभ कर दिया तथा सोमवार अलसुबह से कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का दौर मंगलवार तक बना रहा।यहां बेमौसम बारिश ने लोगों को शीतलहर का अहसास करा दिया।जिसके अंतर्गत क्षैत्र के प्रमुख मार्गो,चौराहों एवं बाजारों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा।मौसम परिवर्तन से हुई बारिश एवं ठंडक के चलते ग्रामीण अंचल से आने वाले राहगीरों,वाहनधारियो एवं नगर के आमजन की रेलमपेल का अभाव बना रहा।इस दौरान बारिश से मौसम में घुली ठंडक का लोगों ने गर्मागर्म चाय-नाश्ता,पकौड़ी,मलाई दूध,कचोरी, समोसा,आलूबड़ा इत्यादि व्यंजनों का अपने इष्टमित्रों एवं परिजनों के साथ लुत्फ उठाया।



बहरहाल क्षेत्र के आसमान में रविवार सांयकाल से ही मौसम ने करवट ली और बारिश का दौर शुरु हुआ जो कभी तेज कभी रिमझिम के रूप में मंगलवार तक जारी रहने से क्षेत्रीय जल स्त्रोतों में पानी की आवक बढ़ने के साथ मौसम खुशनुमा बना रहा।

**बेमौसम बारिश ने बढ़ाई किसान की चिंता :** गौरतलब है कि उपखंड क्षेत्र कपासन में बेमौसम हुई रिमझिम तो कभी तेज बारिश से रबी की फसल को फायदा हुआ तो खरीफ की फसलों में किसान वर्ग को नुकसान भी हुआ है।साथ ही सोमवार रात्रि से लगातार जारी रिमझिम बारिश के दौर ने आमजन को चौमासे की याद दिला दी।यहां सरसों व चना की बुवाई जिन किसानों ने कर दी है।उनके लिए यह मावठ वरदान साबित होगी तथा एक पिलाई का पानी भी बच जायेगा।

इधर क्षैत्र में जिन किसानों की फसले अभी तक खेतों में पड़ी है।जिसमे मक्का,ज्वार,मूंगफली ,ग्वार,सोयाबीन की फसल को नुकसान हुआ है।साथ ही मवेशियों के लिए रखा चारा भी गीला हो गया है।जिससे मवेशियों हेतु आगे जाकर चारे का संकट उत्पन्न हो सकता है।

जिसके चलते अब किसान वर्ग को फसल खराब होने पर बीमा कंपनी में शिकायत दर्ज कराकर फसल खराबे का सर्वे कराना चाहिये।

## नगर माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा रोशनी के रंग, सम्मान के संग, समागम का आयोजन

### दीपावली स्नेह मिलन में उमड़ी खुशियां, 50 सदस्याओं को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाडा, (अमित शर्मा)।** नगर माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा दीपोत्सव के पावन अवसर पर रोशनी के रंग, सम्मान के संग शीर्षक से स्नेह मिलन एवं डिनर समागम का भव्य आयोजन रामेश्वरम भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उमंग, उत्साह और अपनत्व का मनमोहक संगम देखने को मिला।

नगर अध्यक्ष डॉ. सुमन सोनी ने अपने उद्बोधन में तीन वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक सदस्या ने अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा और जिम्मेदारी से किया है। उन्होंने बताया कि मंडल की सफलता, सभी सदस्याओं के सामूहिक प्रयास और अटूट एकता का परिणाम है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुमन सोनी ने सभी कार्यकर्ताओं को अवॉर्ड देकर सम्मानित किया, साथ ही कार्यकाल के दौरान उत्कृष्ट सहयोग देने वाली प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, जिला अध्यक्ष प्रीति लोहीया, जिला सचिव भारती बाहेती, सहित सभी क्षेत्रीय महिला मंडल अध्यक्षों, सचिवों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में लगभग 50 सदस्याओं को अपने कार्यो में योगदान देने के लिए सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। कोषाध्यक्ष स्नेहलता तोष्णीवाल ने अपने कार्यकाल के दौरान आय-व्यय का विस्तृत वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते हुए सभी सदस्याओं के सहयोग और पारदर्शिता के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

नगर सचिव सोनल माहेश्वरी ने तीन वर्षों की सफल यात्रा और आज के उत्कृष्ट आयोजन के लिए समस्त सदस्याओं के प्रति हृदय से आभार जताया। कार्यक्रम मंव श्री माहेश्वरी नगर सभा से अशोकजी बाहेती, रमेशजी राठी, केदार गगरानी, संजय जागेटिया और रामेश्वरम् की टीम एवं युवा संगठन के पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ा दी।

कार्यक्रम का संचालन विनीता तोष्णीवाल और निशा सोनी ने सहजता के साथ किया। कार्यक्रम प्रभारी विनीता तोष्णीवाल, निशा सोनी, नीलम दरगड़ और लीना कोठारी के कुशल समन्वय से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

दीपों की जगमगाहट, स्वादिष्ट व्यंजन और सरप्राइज़ गतिविधियों से भरा यह स्नेह मिलन हंसी-खुशी के यादगार पलों में बदल गया। अंत में नगर सचिव सोनल माहेश्वरी ने सभी अतिथियों और सदस्याओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## छठ पूजा महोत्सव की विधायक अशोक कोठारी ने दी शुभकामनाएं

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** पूर्वांचल की लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा महोत्सव पर प्रातः बरसती बारिश के चलते जलदाय विभाग के वाटर टैंक पर कार्यक्रम में उपस्थित हो स्वयं ने उगते सूर्य देवता को अर्घ्य देते हुए छठ माता को नमन-वंदन कर पूर्वांचल के भाई-बहिनों को भावों के साथ शुभकामनाएँ दीं। विधायक ने प्रार्थना की कि जनमानस के व्रत-उपवास, पूजा तथा साधना को छठी मैया स्वीकार करें व सभी को स्वस्थ, प्रसन्न और आनंदित रखें तथा जीवन में समृद्धि, आध्यात्म और आनंद सदैव रहे, ऐसी मैं कामना करता हूँ। इस अवसर पर पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति तथा छठ पूजा सेवा समिति के पदाधिकारियों ने विधायक कोठारी व अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर सत्यनारायण गूगड, मनोज शर्मा, विवेक निमावत, दिनेश सुथार, आशुतोष, रजनीश वर्मा, गोपाल माली, ललित अग्रवाल, राजकुमार माली के साथ ही बड़ी संख्या में पूर्वांचल क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



### सर्राफा व्यापारियों को निरंतर पुलिस द्वारा अनावश्यक प्रताड़ना के विरोध में ज्ञापन सौंपा

# निंबाहेड़ा सर्राफा एसोसिएशन ने उपखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन, आपत्ति दर्ज कराकर निष्पक्ष जांच की मांग की

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा,(नि.स.)।** स्थानीय सर्राफा एसोसिएशन निंबाहेड़ा द्वारा सोमवार को उपखंड अधिकारी निंबाहेड़ा को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें पुलिस प्रशासन द्वारा सर्राफा व्यापारियों को बिना कारण प्रताड़ित किए जाने पर गहरी आपत्ति दर्ज करवाई गई।

ज्ञापन में बताया गया कि पिछले कुछ दिनों से सोने-चांदी के भाव में लगातार वृद्धि के चलते बाज़ार में अस्थिरता बनी हुई है। इसी बीच कुछ व्यक्तियों द्वारा सर्राफा एसोसिएशन के सदस्यों के विरुद्ध झूठी रिपोर्टें दर्ज करवाई जा रही हैं, जिससे पुलिस प्रशासन बिना ठोस आधार के व्यापारियों पर दबाव बना रहा है।

झूठी रिपोर्ट और अनुचित दबाव

एसोसिएशन ने बताया कि बिनोता निवासी शोकिन चपलोत हाल मुकाम रजत नगर निंबाहेड़ा द्वारा पूर्व में गिरवी रखे गए सोने के संबंध में झूठा परिवाद दर्ज कराया गया था। इस परिवाद के आधार पर पुलिस द्वारा नागौरी ज्वेलर्स नाम के फर्म के व्यापारी को पूछताछ के नाम पर उपाधीक्षक कार्यालय बुलाया गया जिस पर व्यापारी के पुत्र चार्टर्ड अकाउंटेंड रोहित नागौरी पुलिस उपाधीक्षक निंबाहेड़ा के समक्ष उपस्थित हुए। उपाधीक्षक महोदय द्वारा रोहित नागौरी का पक्ष सुने बिना ही अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए प्रताड़ित किया गया। और शौकीन चपलोत से उक्त मामले पर सेटल करने हेतु अनुचित दबाव बनाया गया, जबकि इस मामले में कोई ठोस साक्ष्य मौजूद नहीं था। एसोसिएशन ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से न केवल व्यापारियों का मानसिक उत्पीड़न हो रहा है, बल्कि शहर के व्यावसायिक माहौल पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।



**व्यापारियों में आक्रोश :** इस घटना के बाद निंबाहेड़ा के सर्राफा व्यापारियों में रोष व्याप्त है। एसोसिएशन के अध्यक्ष पुष्कर सोनी एवं महामंत्री रितेश नाहर ने बताया कि पुलिस प्रशासन को बिना किसी प्रमाण के पूछताछ और अनावश्यक प्रताड़ना से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यापारी पर संदेह है तो निष्पक्ष जांच के बाद ही कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि निर्दोष व्यापारी परेशान न हों।

**निष्पक्षता और सुरक्षा की मांग :** ज्ञापन में उपखंड अधिकारी से आग्रह किया गया कि पुलिस प्रशासन को व्यापारियों के साथ शालीन एवं निष्पक्ष व्यवहार के निर्देश दिए जाएँ।

बिना साक्ष्य के पूछताछ या दबाव डालने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए।

सर्राफा व्यापारियों के साथ पुलिस का सहयोगात्मक और सुरक्षा सुनिश्चित करने वाला व्यवहार अपनाया जाए।

ज्ञापन की प्रति पुलिस के उच्च अधिकारियों को भी भेजी गई। ताकि मामले की उच्च स्तर पर समीक्षा की जा सके।

ज्ञापन प्रस्तुत करने में गोविंद सोनी, मनोज सोनी,गोपाल सोनी,कमल सोनी,सुरेश सोनी,सत्यनारायण सोनी,कैलाश सोनी, दिलीप सोनी, मुकेश नागौरी,रणजीत मोदी,बालकिशन सोनी,चंद्रप्रकाश सोनी,कमल सोनी,सुशील धुत, सुधांशु सर्वा,संदीप नागौरी,राहुल नागौरी,अंतरिक्ष साहू, सीए रोहित नागौरी,शेखर लखारा, हेमंत लखारा,भरत पहाड़िया,राजेश सोनी,पंकज सोनी,अनमोल सिंह,निखिल जैन, शुभम अग्रवाल , राधेश्याम सोनी, दीपक सोनी, मुकेश सोनी, अनिल सिरोहिया, किशन सोनी, धर्मवीर सोनी, गोपाल सोनी, एवं सर्राफा व्यापार संघ के पदाधिकारी और व्यापार मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सरसों के तेल से भरा टैंकर पलटा, लूट की होड़ मची

## सड़क किनारे बना तेल का तालाब, पानी से छानकर बाल्टियां-ड्रम भर ले गए लोग

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर में बस को बचाने के चक्कर में धौलपुर-भरतपुर हाईवे पर सरसों के तेल से भरा टैंकर बेकाबू होकर पलट गया। तेल सड़क किनारे बने गड्ढे में बह गया। देखते ही देखते वहां तेल का एक छोटा तालाब बन गया। रात से मंगलवार सुबह तक लोगों में तेल लूटने की होड़ मची रही। पुलिस के पहुंचने पर तेल लूट का सिलसिला रुका, वहीं टैंकर को क्रेन की मदद से सीधा करवाया गया। हादसे में ड्राइवर व उसका भतीजा दोनों सुरक्षित हैं। घटना सोमवार रात करीब 9 बजे ठाकुरदास का नगला गांव के पास हुई।

बस को बचाने के चक्कर में पलटा टैंकर

टैंकर ड्राइवर प्रधान, निवासी दूदू ने बताया कि टैंकर के आगे चल रही पिकअप किसी दूसरे वाहन से टकरा गई थी। इस दौरान सामने से एक बस आ गई, जिसे बचाने के चक्कर में टैंकर को सड़क से नीचे कच्चे रास्ते में उतार दिया। इससे टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद टैंकर में भरा सरसों तेल सड़क किनारे बह गया। वह रातभर मौके पर ही बैठा रहा। सूचना के बाद पुलिस पहुंची थी, लेकिन स्थिति देखकर वापस चली गई।

**मुरैना (मध्य प्रदेश) से अलवर जा रहा था तेल :** ड्राइवर ने बताया कि मुरैना (मध्य प्रदेश) से तेल को अलवर ले जाया जा रहा था। टैंकर में करीब 4 हजार लीटर सरसों तेल भरा हुआ था। तेल की कीमत 150 से 180 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से लगभग 60 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि सुबह खबर मिली कि तेल गड्ढे में भर गया है। मौके पर पहुंचे तो देखा कि पानी के ऊपर तेल की परत तैर रही थी और लोग बर्तन लेकर तेल छान रहे थे। आसपास के गांवों से भी लोग वहां पहुंच गए थे। यह नजारा देखकर हाईवे से गुजरने वाले वाहन ड्राइवर भी रुक गए।

थाना प्रभारी वीरेंद्र मीणा ने बताया- कि सामने से आ रही बस को बचाने के चक्कर में टैंकर पलट गया। टैंकर में भरा तेल पास के खेत में भरे पानी में फैल गया, जिसके बाद लोग पानी से तेल निकालकर अपने बर्तनों में भरकर ले गए। हादसे में टैंकर ड्राइवर प्रधान और उसका भतीजा मदन दोनों को किसी भी प्रकार की चोट नहीं आई है।







### टैंकर में बचा हुआ तेल पाइप डालकर ले गए

ड्राइवर प्रधान ने बताया कि रात करीब 2 बजे आसपास के लोग घटनास्थल पर जुटना शुरू हो गए। तेल लूटने के लिए ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। टैंकर के पलटने से तेल सड़क किनारे बने पानी के गड्ढे में भर गया था। बड़ी संख्या में ग्रामीण बाल्टी, डिब्बे, बोतलें और यहां तक कि ड्रम लेकर पहुंच गए। हर कोई जितना हो सके उतना तेल भरने में जुट गया। पानी के ऊपर तैर रहे तेल को लोग कपड़ों से छानकर बर्तनों में भर लेते और वाहनों में रखकर ले जाते रहे। वहीं कुछ लोगों ने टैंकर में बचे हुए तेल को पाइप डालकर भर लिया। सुबह करीब 8 बजे तक लोगों द्वारा तेल ले जाने का सिलसिला जारी रहा।

## धौलपुर पुलिस ने युवक को सुसाइड करने से बचाया: चंबल नदी में कूदने से पहले बाइक समेत पकड़ा, समझाइश के बाद परिजनों के हवाले किया

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर पुलिस ने एक बार फिर कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय संवेदना का अद्भुत उदाहरण पेश किया है। सोमवार को चंबल पुल से कूदकर सुसाइड करने जा रहे युवक को पुलिस ने समय रहते बचा लिया और उसे सुरक्षित परिजनों के हवाले किया।

जानकारी के अनुसार, धौलपुर कंट्रोल रूम पर सूचना मिली कि युवक पुल से कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही सागरपाड़ा पुलिस चौकी प्रभारी अश्विनी कुमार (सहायक उप निरीक्षक) मय स्टाफ मौके पर तुरंत रवाना हुए।

**समय पर पहुंची पुलिस ने बचाई जान :** पुलिस टीम ने चंबल पुल पर पहुंचकर अमीश को उसकी बाइक सहित सुरक्षित दस्तयाब किया। युवक को समझाइश के बाद चौकी सागरपाड़ा लाया गया और थाना कंचनपुर के माध्यम से परिजनों को सूचित किया गया। कुछ समय बाद परिजन चौकी पहुंचे, जहां पुलिस ने अमीश को सकुशल उनके हवाले कर दिया। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान की भावना और गहरी हो गई।

**एसपी बोले - हर जन की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता :** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में धौलपुर पुलिस जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, वांछित अपराधियों की धरपकड़, अवैध गतिविधियों की रोकथाम, और आमजन की सुरक्षा को लेकर लगातार सक्रिय है।

एसपी सांगवान ने कहा धौलपुर पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था के लिए नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा के लिए भी हर समय तत्पर है। आमजन की सुरक्षा और सेवा में हमारा पूरा बल समर्पित है।

## मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए निशुल्क काढ़ा वितरण सेवा प्रकल्प का शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** मौसम परिवर्तन से सर्दियों में होने वाले जुकाम कफ खांसी बुखार से बचाए रखने एवं उपचार में लाभदायक औषधीय काढ़ा बनाकर प्रतिदिन पिलाए जाने की सेवा का शुभारंभ जिला आयुर्वेद चिकित्सालय एस बी के स्कूल के सामने किया गया। उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि अचानक मौसम बदलाव से इन दिनों जुकाम कफ खांसी और बुखार के रोगियों को ध्यान में रखते हुए एवं इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक औषधीय काढ़ा जिसमें मुलेठी ,गाबजंवा, तुलसी,गिलोय, दालचीनी,सौंफ, मुनक्का, अंजीर, उन्नाव, अडूसा,जूठा, खूबकला, गुलबनप्सा कालीमिर्च आदि औषधियां मिश्रित कर काढ़ा बनाकर निःशुल्क वितरण सेवा चिकित्सालय परिसर में शुरू की गई है।

उन्होंने बताया कि इस काढ़े के सेवन से मौसमी बीमारियों से बचने में मदद मिलेगी।यह काढ़ा प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक निशुल्क वितरित किया जाएगा।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह प्रधान चिकित्सक डॉ रीना खंडेलवाल उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित डॉ कुलदीप शर्मा डॉ पिंकी चौहान डॉ शैलेश शर्मा डॉ राजकुमार झा डॉ रेनू वर्मा डॉ मनीषा गुर्जर नर्सिंग अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह वरिष्ठ कंपाउंडर भगवान सिंह मोरध्वज शर्मा छेदालाल शर्मा कान्हा कुमार वीरेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## डॉ. गर्ग ने भरतपुर का दौरा कर सामाजिक कार्यक्रमों में की शिरकत



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ सुभाष गर्ग मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर भरतपुर पहुंचे। जहां उन्होंने विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शिकरत की और रणजीत नगर कार्यालय पर जन सनुवाई कर लोगों के अभाव अभियोग सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिये।

डॉ. गर्ग ने भरतपुर दौरे के दौरान सेवर स्थित अभिषेक मैरिज गार्डन में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम एवं चारलीगंज सरपंच किशन सिंह द्वारा आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान डॉ. गर्ग का माला, साफा पहनाकर स्वागत किया गया। डॉ. गर्ग ने दौरे के दौरान लोगों से क्षेत्र की समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली तथा समस्याओं का समाधान कराने का विश्वास दिलाया। डॉ. गर्ग ने विधानसभा क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों का भी अवलोकन किया।

डॉ. गर्ग दौरे के दूसरे दिन बुधवार को प्रातः 9 बजे भरतपुर से जयपुर के लिये रवाना हो जायेंगे। जहां वे राजस्थान विधानसभा में आयोजित होने वाली विधानसभा समिति की बैठक में भाग लेंगे।

## एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 30 अक्टूबर को

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर,(नि.स.)।** राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी नीति के तहत जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा एक दिवसीय कैम्पस रोजगार सहायता शिविर का 30 अक्टूबर को राजकीय आईटीआई मचकुण्ड रोड धौलपुर में आयोजन किया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि जिसके अंतर्गत बेरोजगार आशार्थियों को व्यावसायिक मार्गदर्शन दिया जाएगा एवं यशस्वी ग्रुप जयपुर, आमधनी जयपुर, पुखराज हैल्थ केयर जयपुर, रक्षा सिक्योरिटी नई दिल्ली, एसआईसीएस सिक्योरिटी नीमच, इनोव सोर्स, फिलपकार्ट, हैवल अलवर, यामहा मोटर्स नोएडा सहित अन्य स्थानीय कम्पनियाँ आसईसीएल, एनवीई संस, अजंता मिल्क, आईकोनिक, गरिमा डेयरी, ओटीपीएल, बीएसएनल, एलआईसी द्वारा आशार्थियों की भर्ती की जाएगी।

## ग्रामीणों का मत्सूरा 33 केवी स्टेशन पर बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर प्रदर्शन

### आरोप कचेलपुरा गांव की बिजली लाइन का टूटा तार, ग्रामीणों के मरम्मत करने के दौरान आया करंट, लाइनमैन से लिया था शटडाउन, एक दर्जन ग्रामीण जोड़ रहे थे तार, छह झुलसे, चार धौलपुर भर्ती

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के मत्सुरा 33 केवी फीडर से कचेलपुरा गांव को जाने वाली गांव की बिजली सप्लाई का तार सोमवार की शाम टूटने पर जब उसे मंगलवार सुबह ग्रामीणों द्वारा सही किया जा रहा था तो शंट डाउन लेने के बाद भी कार्य के दौरान बिजली सप्लाई फिर से शुरू होने के चलते करीब आधा दर्जन ग्रामीणों के झुलसने का मामला सामने आया है। घटना के बाद झुलसे हुए चार ग्रामीणों को परिजन धौलपुर लेकर गए हैं। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा 33 केवी फीडर मत्सुरा पर विरोध प्रदर्शन किया गया है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान गांव के बुजुर्ग सिरनाम सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम को कचेलपुरा गांव को जाने वाली लाइन का तार टूट गया था। जिसकी जानकारी विद्युत विभाग के 33 केवी फीडर पर तैनात लाइन में जितेंद्र मीणा को दी थी। रात भर लाइट नहीं आई। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने जब लाइनमैन से तार सही करने और बिजली सप्लाई शुरू करने को कहा तो उन्होंने जवाब दिया कि अभी कर्मचारी नहीं है। तुम खुद सही कर लो।

इस पर एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने बिजली के तार को सही करने का निर्णय लिया और लाइनमैन को शटडाउन देने की फोन से बोला। ग्रामीणों का आरोप है कि वे जब बिजली के तार को सही करने लगे तो इस दौरान अचानक से तार में करंट आ गया और बिजली के तार को पकड़े खड़े ग्रामीण दूर जाकर गिरे। जिसमे कुछ लोग झुलस गए।

घटना में गांव के कृष्ण कुमार, धर्मेंद्र, हरेंद्र, जितेंद्र, सरनाम और विक्की झुलसे हैं। जिनमें से चार लोगों को परिजन जिला अस्पताल धौलपुर लेकर गए है। विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जब बिजली का तार टूटा है और उसको सही करने के लिए ग्रामीण आग्रह करते हैं तो कर्मचारी या तो पैसा मांगते हैं या फिर काम में टालमटोल किया जाता है। इस पर ग्रामीण खुद ही मरम्मत को मजबूर होते है। ज्यादातर गांवो में यही स्थिति है। इसी वजह से दुर्घटना होती है। जिसमें कर्मचारियों की लापरवाही है। मामले में ग्रामीणों ने घटना को लेकर डिस्कॉम के अधिकारियों से शिकायत की है। घटना को लेकर डिस्कॉम के ग्रामीण जेईएन कुलदीप शर्मा ने बताया कि उनको मामले की जानकारी नहीं है। कोई भी लाइनमैन किसी प्राइवेट आदमी के कहने पर शटडाउन नहीं दे सकता है। मामले में जानकारी करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## रंगली भगत महाराज की स्मृति में पूछरी का लौठा आश्रम में 1 से 4 नवंबर तक अन्नकूट प्रसादी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** गुरुमाया भक्त मंडल और गुरुमाया भगत जी सेवा समिति ने सिद्ध पुरुष रंगली भगत महाराज की स्मृति में चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम 1 से 4 नवंबर तक गुरुमाया भगत आश्रम, पूछरी का लौठा पर राष्ट्रीय संत बालक दास महाराज और साधु बाबा के सानिध्य में होंगे। यह निर्णय गांव टुंडपुरा स्थित श्री गुरुमाया आश्रम में संत साधु बाबा और परशराम भगत की देखरेख में हुई बैठक में लिया गया। आश्रम सेवक परशराम भगत और काडू मीणा हिंडोन ने बताया कि इन चार दिनों के दौरान अखंड रामायण पाठ, संत दर्शन, हवन, आरती और प्रवचन जैसे धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन 4 नवंबर को अन्नकूट प्रसादी के साथ होगा।

इस दौरान संत बालक दास महाराज, साधु बाबा और परशराम भगत ने रंगली भगत महाराज ने बताया कि टुंडपुरा की धरती पर जन्मे रंगली भगत महाराज ने वर्ष 1956 से मानव, संत और मूक-बधिर प्राणियों की सेवा के लिए प्रतिदिन 2100 आहूतियों का यज्ञ प्रारंभ किया था। उनका निधन जुलाई 2014 में हुआ था, लेकिन लोग आज भी उन्हें श्रद्धापूर्वक याद करते हैं और उनकी पूजा-अर्चना करते हैं।

## बहन को घर छोड़ने जा रहे भाई की हादसे में मौत



भाईदूज पर तिलक करने आई थी बच्चों को लेकर भाई के शव के पास बैठी रही

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** डीग सदर थाना इलाके में एक वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि उसकी बहन, भांजा, भांजी गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। जहां से महिला और उसके दो बच्चों को आरबीएम अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। मृतक की बहन भाईदूज पर तिलक करने आई थी। इस हादसे के बाद घायल बहन अपने दो बच्चों के साथ भाई के शव के पास बैठी रही। हालांकि वहां मौजूद लोगों ने तीनों घायलों को संभाला और हॉस्पिटल पहुंचाया।

**बच्चों के साथ पीहर आई थी महिला :** घटना दोपहर करीब 2 बजे की है। रीतेश (18) निवासी पूंठ गांव अपनी बहन उर्मिला (27), भांजा विनय (8) और 6 साल की भांजी को छोड़ने उनके घर गोवर्धन जा रहा था। उर्मिला अपने बच्चों के साथ रितेश को भाईदूज पर तिलक करने आई थी।

इस दौरान कोरेर कसौट रोड़ पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ड्राइवर वाहन लेकर फरार हो गया। घटना में रितेश उसकी बहन, भांजा और भांजी गंभीर रूप से घायल हो गए।

**महिला और उसके दो बच्चे रेफर :** घटना को स्थानीय लोग मौके पर रुके और सभी को अस्पताल पहुंचाया। जहां रितेश को मृत घोषित कर दिया। वहीं उर्मिला, उसके बेटे विनय और बेटी को आरबीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। रितेश के शव को कुम्हेर अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन का अभी पता नहीं लग पाया है।

## जुआ खेलते 4 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बयाना (नि.स.)।** कोतवाली थाना पुलिस ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए रेलवे ओवरब्रिज के नीचे जुआ खेल रहे चार व्यक्तियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 1210 रुपए नकद और ताश के पत्तों की गड्डी बरामद की है। बजरिया पुलिस चौकी प्रभारी निर्भय सिंह ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे मुखबिर से सूचना मिली कि कस्बे के रेलवे ओवरब्रिज के नीचे कुछ लोग ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दबिश दी।

## भरतपुर पशु हाट में रसीद बिना वसूले जा रहे पैसे

### एक वाहन में 4-5 पशु लेकर हाट पहुंचे लोग, पशु-क्रूरता के नाम कर रहे वसूली

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर (घनश्याम अवस्थी)।** भरतपुर में हर सोमवार पशुपालन विभाग की तरफ से पशु हाट का आयोजन किया जाता है। हाट में पशु लाने वाले लोगों से पशु क्रूरता के नाम पर वसूली की जाती है। कुछ लोगों रसीदें काटी होती हैं और कुछ लोगों से पैसे लेकर उन्हें बिना रसीद दिये ही एंट्री दे दी जाती है। कई लोगों को पहली बार रसीद दी गई है। इससे पहले वह पैसे देते थे लेकिन, उन्हें रसीद नहीं देते थे।

**हाट में आने जाने के लिए देने होते हैं फीस :** उद्योग नगर थाना इलाके के जघीना रोड स्थित पशु हाट में पशुपालन विभाग के चार कर्मचारी नाका लगाकर बैठे रहते हैं। उनके द्वारा पशुओं से भरे वाहनों से 80 रुपए प्रति गाड़ी एंट्री शुल्क वसूला जाता है। नाके से बाहर निकलने पर प्रति पशु 50 रुपए और प्रति पाड़ा 50 रुपए अतिरिक्त वसूले जाते हैं। यह वसूली श्जिला पशु क्रूरता निवारण समिति भरतपुरश् की रसीद के नाम पर की जाती है।

**हर वाहन की नहीं कटती रसीद :** हाट में आने वाले लोग पशुओं को बड़ी क्रूरता के साथ लेकर पहुंचते हैं। पशुपालन विभाग के कर्मचारी पशु क्रूरता निवारण के नाम पर 80 रुपए की रसीद काटते हैं, लेकिन कई लोगों को रसीदें नहीं दी जातीं। जिन लोगों को रसीदें नहीं दी जाती हैं, उन पैसों को वसूल करने वाले लोग अपनी जेब में रख लेते हैं।

**अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई :** पशु हाट के लिए तैनात पशुपालन विभाग के अधिकारी डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि एक वाहन में सिर्फ दो ला ले जा सकते हैं। एक वाहन में जयादा पशु लाने वाले लोगों को जब हम रोकते हैं तो, वह दबंगई दिखाते हैं। वहीं इस मामले पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक रामकिशन महावर का कहना है कि यदि ऐसा है की पशु क्रूरता हो रही है तो इसकी जांच की जाएगी। जो कर्मचारी अवैध रूप से वसूली कर रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित

# पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित करे-जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई और जलापूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने उन योजनाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा, जिनका कार्य पूरी तरह से संपन्न हो चुका है और जलापूर्ति चालू करना शेष है। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन परियोजनाओं को पूर्ण किया गया है, उनका धरातल पर भी प्रभावी रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर में नियमित जलापूर्ति करने के निर्देश दिए। जल स्त्रोतों की गुणवत्ता परीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ उन्होंने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में की जा रही पेयजल आपूर्ति की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल आपूर्ति बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वीकृत योजनाओं की कार्य गति को तेज किया जाए, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में नल कनेक्शन द्वारा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने भू आवंटन के लम्बित प्रकरणों का प्रस्ताव बनाकर भिजवाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन की प्राथमिकताओं को गंभीरता से लेने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। जल पाइप लाइन बिछाने के बाद रोड रिपेयर के सभी कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अधीक्षण अभियंता पीएचईडी राजकिरण यादव, उप निदेशक शिक्षा विभाग महेश कुमार मंगल, पीएचईडी के खंड धौलपुर-बाड़ी के अधिशाषी अभियंता, सभी उपखंडों के सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# निगम आयुक्त ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा, दिए जरूरी निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नगर निगम के नए आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने मंगलवार को पदभार ग्रहण किया। इनसे पूर्व नगर निगम में जितेंद्र सिंह नरूका आयुक्त थे। जिनका तबादला भूमि अवाप्ति अधिकारी, नगर विकास न्यास, अलवर हुआ है। मंगलवार को पदभार ग्रहण करने के बाद आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने शहर की साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने एसएमडी सर्किल और राज ऋषि कॉलेज चौराहा के आसपास रोड स्वीपर मशीन से की जा रही सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित सफाई निरीक्षक को दिशा निर्देश दिए। साथ ही नियमित रूप से नाला सफाई के लिए भी आयुक्त नरूका ने निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त नरूका ने पब्लिक टॉयलेट भी नियमित रूप से साफ करने के भी निर्देश दिए। अलवर सांसद खेल उत्सव कार्यक्रम स्थल का लिया जायजाः नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने 30 अक्टूबर को राज ऋषि कॉलेज खेल मैदान में आयोजित होने वाले अलवर सांसद खेल उत्सव स्थल का जायजा लिया और सफाई व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए।

## राजस्व प्रकरणों एवं कोर्ट केसेज में लंबित प्रकरणों का समयबद्घ एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश

# जिला कलक्टर ने वीसी के माध्यम से ली उपखण्ड अधिकारियों की समीक्षा बैठक

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को उपखण्ड अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर राजस्व संबंधी प्रकरणों एवं कोर्ट केसेज में लंबित प्रकरणों के निस्तारण तथा चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) की तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व संबंधी प्रकरणों एवं कोर्ट केसेज में लंबित प्रकरणों का गुणवत्ता के साथ समयबद्घ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों में सीमाज्ञान, नामांतरण, विभाजन, गिरदावरी इत्यादि की विस्तृत समीक्षा कर इन्हें नियमित तौर पर समयबद्घ निस्तारित कराने के निर्देश दिये तथा फार्मर रजिस्ट्री के रजिस्ट्रेशन एवं लघु सिंचाई गणना में प्रगति बढाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने उपखण्डवार कोर्ट केसेज में 10 वर्ष से अधिक के लंबित प्रकरणों एवं 5 वर्ष से अधिक के प्राथमिक डिक्री के प्रकरणों की वस्तुस्थिति का फीडबैक लेकर 31 दिसम्बर तक 50 प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने विभाजन प्रस्ताव (कुर्रेजात) के प्रकरणों, धारा 251ए के तहत रास्तों के प्रकरणों एवं तीन माह से अधिक के धारा 136 के लंबित प्रकरणों की आगामी दो माह में इन्हें डिस्पोज कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि एनएफएसए पोर्टल 2025 के आवेदनों की स्थिति की समीक्षा कर लंबित आवेदनों को त्वरित निस्तारित करना सुनिश्चित करें।



**विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों की कि विस्तृत समीक्षा :** जिला कलक्टर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 28 अक्टूबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक एसआईआर की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है, जिसमें 28 अक्टूबर से 3 नवबंर 2025 तक प्रशिक्षण एवं गणना प्रपत्र के मुद्रण का कार्य होगा। 4 नवबंर से 4 दिसंबर 2025 तक घर-घर गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण का कार्य होगा। 9 दिसंबर 2025 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा। 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएगी। 9 दिसंबर से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस फेज रहेगा जिसमें सुनवाई एवं सत्यापन किया जाएगा। 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

उन्होंने ईआरओ को निर्देशित किया कि एसआईआर के कार्य को प्राथमिकता में रखते हुए टीमवर्क के रूप में कार्य कर निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि बीएलओ एप पर मतदाताओं की मैपिंग कार्य पर विशेष फोकस रखकर आगामी 7 दिवस में पूर्ण करावे। उन्होंने निर्देशित किया कि वॉलेंटियर्स एवं हैल्पडेस्क कार्मिकों का गहन प्रशिक्षण कराकर एसआईआर गाइडलाइन की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करें तथा हैल्पडेस्क पर किए जा रहे कार्य की फील्ड विजिट कर प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने निर्देश दिये कि अधिक से अधिक गणन पत्रों को ऑनलाइन भरवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि बुक-ए-कॉल पर किसी भी प्रकार की पेंडेंसी लंबित ना रहे। इस दौरान एडीएम प्रथम श्री मुकेश कायथवाल, एसडीएम अलवर श्री माधव भारद्वाज सहित समस्त उपखण्ड अधिकारी एवं तहसीलदार वीसी से जुडे।

# दीपावली के उपलक्ष में बच्चों के साथ मिठाई बांटकर मनाई दीपावली

बढ़ता राजस्थान


**अलवर (का.स.)।** हर वर्ष की तरह इस बार भी संस्था को पशु पक्षी एवं पर्यावरण सुरक्षा समिति की ओर से सीरवास की ढाणी के छोटे गरीब बच्चों को दीपावली की मिठाई खिलाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पशु पक्षी पर्यावरण सुरक्षा समिति के संस्थापक महात्मा प्रेमनाथ जी महाराज ने बताया कि ये सेवा पिछले 17 वर्षों से गांव बदल बदल कर रहे हैं।ये सब ईश्वर की कृपा से संभव हो रहा है। इस दौरान महात्मा जी के साथ प्रेम रतन ने बच्चों को मिठाई बांटने का आनंद लिया।



# सरिस्का में रोमांच बढ़ा- विदेशी पर्यटकों ने किया बाघिन एसटी-9 का नजदीकी दीदार

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** सरिस्का बाघ अभयारण्य से मंगलवार को वाइल्डलाइफ प्रेमियों के लिए रोमांचक खबर सामने आई। सदर रेंज में मंगलवार सुबह की सफारी के दौरान विदेशी पर्यटकों की टीम को बाघिन एसटी-9 का नजदीक से दीदार हुआ। बाघिन को सामने देख पर्यटक उत्साह और रोमांच से भर उठे। जानकारी के अनुसार सफारी जीप जब जंगल के घने रास्ते से गुजर रही थी, तभी झाडियों के बीच से बाघिन एसटी-9 बाहर निकली और कुछ देर तक जीप के पास ही टहलती रही। पर्यटकों ने तुरंत कैमरे और मोबाइल निकालकर बाघिन की शानदार तस्वीरें और वीडियो कैद कर लिए। करीब दो मिनट तक चले इस नजारे ने जंगल का माहौल रोमांच से भर दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सदर रेंज में बाघिन एसटी-9 की नियमित साइटिंग हो रही है। यह बाघिन अक्सर इसी क्षेत्र में शिकार करती और भ्रमण करती देखी जाती है। लगातार साइटिंग से सरिस्का में आने वाले टूरिस्टों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार सरिस्का में बाघों की बढ़ती संख्या और उनकी सक्रिय उपस्थिति अभयारण्य में बेहतर सुरक्षा और सुदृढ़ वन प्रबंधन का सकारात्मक संकेत है। वन विभाग का कहना है कि टूरिस्ट सीजन की शुरुआत के साथ इस तरह की साइटिंग्स न केवल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन रही हैं, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी नया बल दे रही हैं। सरिस्का के घने जंगलों में बाघिन एसटी-9 का यह नजदीकी दीदार पर्यटकों के लिए लाइफटाइम मेमोरी बन गया है।



# अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 का 29 अक्टूबर से होगा भव्य शुभारंभ

## अलवर सांसद खेल उत्सव के गत वर्ष सफल आयोजन के बाद खिलाडिय़ों ने दिखाई रुचि

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री तथा अलवर सांसद श्री भूपेन्द्र यादव द्वारा वी-शक्ति संस्था के तत्वावधान में अलवर संसदीय क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 का 29 अक्टूबर से भव्य शुभारम्भ होगा। अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 के तहत 29, 30 एवं 31 अक्टूबर को विधानसभा स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

यहां होंगे खेल कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रमानुसार 29 अक्टूबर को भिवाड़ी के बीड़ा स्टेडियम में दोपहर 1 बजे से एवं बहरोड़ के आर.पी.एस. स्कूल खेल मैदान में दोपहर 3 बजे से खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इसी प्रकार 30 अक्टूबर प्रातः 8:30 बजे से अलवर के आर.आर. कॉलेज खेल मैदान में, प्रातः 9:30 बजे से रामगढ के आर.बी.एस. स्कूल के खेल मैदान में, प्रातः 10:30 बजे से लॉड्स यूनिवर्सिटी चिकानी में तथा दोपहर 12:40 बजे से कनेडा स्टेडियम खानपुर अहिर, मुंडावर में तथा 31 अक्टूबर को खैरथल के जवाहर नवोदय विद्यालय खेल मैदान में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होगी।

इन खेलों का सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला 14 और 15 नवंबर को खेला होगा आयोजित

7, 8 तथा 9 नवंबर को इंदिरा गांधी स्टेडियम में बैडमिंटन, बॉक्सिंग और योग प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा तथा सेमीफाइलन और फाइनल मैच भी इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होंगे। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष आयोजित अलवर सांसद खेल उत्सव के सफल आयोजन के कारण इस वर्ष जिले के बच्चों ने विशेष उत्साह के साथ पंजीकरण कराया है। गत वर्ष की अपेक्षा इस बार रजिस्ट्रेशन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अलवर सांसद खेल उत्सव 2.0 में इस बार 50 हजार से अधिक बच्चे जिले के 10 मैदानों में अपना जोश और प्रतिभा प्रदर्शित करेंगे।

# 31 अक्टूबर को राजकीय विद्यालयों में होगा मेगा पीटीएम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राजगढ़ सहित पुरे राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों में इस बार 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मेगा पैरेंट-टीचर मीटिंग (पीटीएम) का आयोजन होगा। इस दौरान विद्यालयों में विशेष रूप से श्रीकृष्ण भोग कार्यक्रम भी रखा जाएगा ताकि विद्यालयों में जन समुदाय की सहभागिता को और अधिक सशक्त किया जा सके। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बताया कि इस दिन शिक्षक विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, उपस्थिति और व्यवहारिक प्रदर्शन को अभिभावकों के साथ साझा करेंगे।


कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों और अभिभावकों के बीच बेहतर संवाद एवं सहयोग स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि जन समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए सभी विद्यालयों में श्रीकृष्ण भोग कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। विद्यालयों में विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक और स्थानीय जनप्रतिनिधि एक साथ इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस आयोजन के लिए ब्लॉक के समस्त संस्था प्रधानों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मीना ने बताया कि राज्य में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए "प्रखर राजस्थान अभियान 2.0" चलाया जा रहा है। अभियान 5 सितंबर से 5 दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है। इसमें विद्यार्थियों की पढने-लिखने और गणना करने की क्षमता को सुदृढ़ बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इस आयोजन के लिए शिक्षा विभाग द्वारा 12 सौ रुपए प्रति विद्यालय राशि जारी की गई है। जिसका उपयोग मेगा पीटीएम के आयोजन पर करना होगा।

एकता दिवस पर शिक्षा और संस्कार का होगा संगमः राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित पीपीएम का यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति को समझने का अवसर देगा, बल्कि विद्यालयों में संस्कार, संवाद और सहयोग की भावना को भी मजबूत करेगा। कृष्ण भोग योजना के तहत कोई भी नागरिक या संस्था अपनी क्षमता के अनुसार विद्यालय के विद्यार्थियों को भोजन करा सकती है। इस दिन सरकारी भोजन नहीं बनाया जाता और विशेष भोजन को कृष्ण भोग कहा जाता है।

# दाम नहीं मिलने से तीन ट्राली प्याज नदी में फेंके, किसान बोले भाड़े-मजदूरी तक नहीं मिल रही

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** राजगढ़ सहित आसपास के क्षेत्र मे प्याज की फसल अपने अंतिम चरण में है और देशभर की मंडियों में नई फसल की आवक बढने लगी है, लेकिन इससे किसानों के चेहरे पर ख़ुशी के बजाय चिंता की लकीरें दिखाई दे रही हैं। बंपर उत्पादन के बावजूद, प्याज के बाजार भाव इस कदर गिर गए हैं कि किसानों के लिए अपनी लागत (उत्पादन खर्च) निकालना भी मुश्किल हो रहा है। कई प्रमुख मंडियों में प्याज के थोक दाम 8 से 15 रूपए प्रति किलोग्राम के बीच चल रहे हैं, जबकि किसानों का दावा है कि उनकी उत्पादन लागत 20 रूपए से 22 रूपए प्रति किलोग्राम तक आ रही है। उपखंड क्षेत्र के चंदपुरा गांव के किसानों ने प्याज के दाम नहीं मिलने से सोमवार देर रात प्याज की तीन ट्रॉली सूखी नदी में फेंक दी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



**किसानों की व्यथा- लागत भी नहीं निकल रही :** किसान नरेन्द्र, रामजीलाल, सुरेश आदि ने बताया कि खेती की लागत में बेतहाशा वृद्धि हुई है। बीज, खाद, कीटनाशक और मज़दूरी के खर्च में इज़ाफ़ा हुआ है। प्याज उगाने की लागत अब 20 रूपए से 22 रूपए प्रति किलोग्राम तक पहुँच गई है। बाजार में प्याज के दाम नहीं मिल रहे हैं। जबकि कुछ जगहों पर यह और भी कम है। उन्होंने बताया हमने कर्जा लेकर फसल लगाई, अच्छी बारिश और मेहनत से बंपर फसल भी हुई, लेकिन जब मंडी गए तो दाम इतने कम मिले कि लागत भी नहीं निकली। दाम गिरने के मुख्य कारण बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, दाम गिरने के पीछे ये प्रमुख कारण हैं नई फसल का भारी मात्रा में एक साथ बाज़ार में आना, गुणवत्ता की समस्या कुछ क्षेत्रों में बेमौसम बारिश या अन्य मौसमी मार के कारण प्याज की गुणवत्ता प्रभावित होना। उन्होंने बताया कि इस बार प्याज की बंपर पैदावार हुई है लेकिन बाजार में खरीददार नहीं मिल रहे। वहीं किसानों का कहना है कि सरकार यदि समर्थन मूल्य पर प्याज की खरीददारी करें जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान से राहत मिल सके।

# फायरिंग करने वाले 2-2 हजार के दो ईनामी आरोपी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** पुलिस थाना राजगढ ने कार्यवाही करते हुए रात्रि मे घर पर फायरिंग करने वाले दो-दो हजार रूपये के 2 आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि 3 जुलाई 2025 को परिवादी ने पुलिस थाना राजगढ पर उपस्थित होकर मामला दर्ज कराया की प्रार्थी 1 जुलाई 2025 को भैरूघाटी में स्थित अपने निवास स्थान पर बाहर के कमरे में सो रहा था। रात्रि करीब 11 बजे गोली चलने की तेज आवाज होने से प्रार्थी की नींद खुली तो मैने देखा कि कमरे की खिडकी का कांच टूटा हुआ था। मैं और मेरे परिवार के सभी सदस्य आये और खिडकी के पास जाकर देखा तो एक गोली खिडकी के पास गिरी हुई थी। आदि पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान आरम्भ किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी सहायता व आसूचना संकलित कर घटना को अंजाम देने वाले ईनामी दो-दो हजार रूपये के वांछित आरोपी लोकेश एवं दयाराम को गिरफ्तार किया गया। थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी लोकेश कुमार(22) पुत्र पप्पूराम मीना निवासी नांगल धर्मू, पुलिस थाना राजगढ व दयाराम(21) पुत्र बाबूलाल जोगी निवासी नांगल धर्म, पुलिस थाना राजगढ को गिरफ्तार किया।

# अवैध हथियार पिस्टल सहित एक बदमाश गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रामनगरिया थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पूर्व ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए देशी पिस्टल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए 20 वर्षीय रचित नागर (20) निवासी देवरिया जिला देवरिया (उत्तर प्रदेश) हाल जगतपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उसके पास से एक देशी पिस्टल मय मैग्जीन जब्त की गई है। पुलिस आरोपित से अवैध हथियार की खरीद—फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## ई.डब्ल्यू.एस. और ओबीसी वर्ग के छात्रों को किया योजना से वंचित

# वादाखिलाफी कर स्कूली बच्चों में भी भेदभाव कर रही है भाजपा सरकार : जूली

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजस्थान विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार को चुनाव से पूर्व संकल्प पत्र के माध्यम से जनता से किया वायदा याद दिलाते हुए स्कूली छात्रों की यूनिफार्म के लिये दी जाने वाली सहायता राशि में कटौती किये जाने की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि सरकार न तो बच्चों को सुरक्षित स्कूली इमारतें दे पा रही है और न ही आवश्यकतानुसार शिक्षक ही उपलब्ध करवा पा रही है। इसके बाद अब नन्हें-मुन्ने स्कूली बच्चों को दी जा रही स्कूली ड्रेस में भी सरकार भेदभाव कर रही है।



प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश का हवाला देते हुए बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा बच्चों के अभिभावकों को राहत पहुंचाने के लिये स्कूली छात्रों को 2 जोडी स्कूल ड्रेस का कपड़ा और 200 रूपये सिलाई के लिये दिये जा रहे थे, तब भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस सरकार की इस योजना की आलोचना करते हुए यह कहा गया कि 200 रूपये में स्कूल ड्रेस की सिलाई कैसे होगी।

जूली ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव से पूर्व अपने संकल्प पत्र में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के छात्रों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से स्कूल बैग, किताबें एवं यूनिफार्म खरीदने के लिये 1200 रूपये की वार्षिक सहायता प्रदान किये जाने की घोषणा की थी, लेकिन चुनाव के बाद भाजपा सरकार ने स्कूली छात्रों की यूनिफार्म पर कैंची चलाते हुए इस राशि में कटौती कर इसे 600 रूपये कर दिया है। इसमें कपडा और सिलाई की राशि भी शामिल है ।

प्रतिपक्ष के नेता जूली ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा सभी बच्चों के लिये स्कूल ड्रेस की व्यवस्था की जाती थी, लेकिन भाजपा सरकार द्वारा एस.सी., एस.टी. और बी.पी.एल. बच्चों के लिये ही यह प्रावधान किया गया है, इसमें ई.डब्ल्यू.एस. और ओबीसी के गरीब बच्चों को छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि क्या सामान्य श्रेणी के ब्राह्मण, वैश्य, राजपूत और अन्य जातियों तथा ओबीसी वर्ग में गरीब बच्चे नहीं हैं? क्या उनके प्रति सरकार की कोई जवाबदेही या जिम्मेदारी नहीं है? सरकार उनका हक कैसे छीन सकती है। संविधान के अनुरूप ही ई.डब्ल्यू.एस. का आरक्षण दिया गया है, लेकिन इस सरकार की सोच ही यही है कि गरीब को मारो और अमीर को और बड़ा करो। प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास की लम्बी-चौडी बातें करने वाली भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार की असली सच्चाई यही है। एक ओर तो सरकार यह कहती है कि पैसे की कोई कमी नहीं है और दूसरी ओर इन छोटी-छोटी योजनाओं पर कैंची चलाकर बच्चों के भविष्य से खिलवाड कर रही है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि आप अपने वादे के अनुसार स्कूली बच्चों की यूनिफार्म की सहायता राशि को पुनः 1200 रूपये करें और एस.सी., एस.टी., बीपीएल सहित ई.डब्ल्यू.एस. और ओबीसी के बच्चों को भी इस योजना में शामिल करने की घोषणा करें तथा समाज के सभी वर्ग के बच्चों को शिक्षा के बेहतर अवसर के साथ आर्थिक मदद मुहैया कराएं, ताकि यह बच्चे आने वाले समय में प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें।

# सरकारी नौकरी, मुफ्त बिजली और वक्फ कानून पर रोक लगाने का वादा... महागठबंधन के तेजस्वी प्रण

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले महागठबंधन ने मंगलवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया. इसका नाम 'तेजस्वी प्रण पत्र' रखा गया है. गठबंधन ने इस घोषणापत्र के कवर पेज पर तेजस्वी की तस्वीर छापी है और लिखा है, 'न्यायपूर्ण नए बिहार के लिए संकल्प पत्र 2025'।

इसमें गठबंधन ने रोजगार, महिलाओं, किसानों और अल्पसंख्यकों को लेकर कई बड़ी घोषणाएं की हैं. महागठबंधन का कहना है कि यह सिर्फ चुनावी दस्तावेज नहीं, बल्कि समृद्ध और न्यायपूर्ण बिहार के निर्माण का संकल्प है। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन द्वारा मंगलवार को जारी घोषणा पत्र में भोजपुरी, मगही, बज्जिका और अंगिका भाषाओं को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिलाने की दिशा में पहल करने का वादा किया गया। घोषणा पत्र के मुताबिक, "भोजपुरी, मगही, बज्जिका और अंगिका भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए पहल की जाएगी ताकि इन्हें आधिकारिक भाषा का दर्जा मिल सके।" भोजपुरी भाषा बिहार के भोजपुर, रोहतास, कैमूर, बक्सर, सारण, पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान और जहानाबाद सहित कई जिलों में व्यापक रूप से बोली जाती है और यह क्षेत्र की संस्कृति में गहराई से रची-बसी है। बज्जिका, मैथिली से मिलती-जुलती भाषा उत्तर-पश्चिम बिहार के मुजफ्फरपुर, वैशाली, पश्चिम चंपारण और शिवहर क्षेत्रों की प्रमुख बोली है। मगही का उद्गम प्राचीन मगध साम्राज्य से माना जाता है और यह बोली गया, पटना, जहानाबाद, औरंगाबाद, नालंदा, नवादा, शेखपुरा, अरवल, लखीसराय, जमुई व बांका के कुछ हिस्सों में बोली जाती है। अंगिका, मुख्यतः दक्षिण-पूर्वी बिहार की भाषा है और यह मुंगेर क्षेत्र, भागलपुर प्रमंडल तथा पुर्णिया प्रमंडल के दक्षिण-पूर्वी हिस्सों में बोली जाती है। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन की ओर से मंगलवार को जारी किए गए घोषणापत्र में महिलाओं और किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गईं। घोषणापत्र में दावा किया गया है कि अगर महागठबंधन सत्ता में आता है तो महिलाओं के जीवन स्तर में व्यापक बदलाव सुनिश्चित किया जाएगा। महागठबंधन के घोषणा पत्र के अनुसार, वह 'माई-बहिन मान योजना' लागू करेगा, जिसके तहत महिलाओं को प्रति माह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी और अगले पांच वर्षों में कुल 30,000 रुपये प्रतिवर्ष प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा बेटियों के लिए समुचित सुरक्षा और माताओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए 'बेटी हमारा अभिमान' और 'माताओं के लिए सम्मान' जैसी योजनाओं की भी घोषणा की गई है। महिलाओं को सरकारी कर्मचारियों के बराबर दर्जा दिए जाने का वादा करते हुए घोषणा पत्र में कहा गया है कि जीविका दीदियों को 30,000 रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे और स्वयं सहायता समूहों से लिए गए ऋण पर ब्याज माफ करने तथा दो वर्षों तक ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। घोषणापत्र के अनुसार, ''महिला किसानों को भी प्रत्येक माह 2,000 रुपये की आर्थिक मदद देने का प्रस्ताव है।'' महिलाओं के लिए कॉलेज/विश्वविद्यालयों में आरक्षण लागू करने की घोषणा करते हुए कहा गया है कि संविधान की धारा 15(5) के अंतर्गत सभी निजी शैक्षणिक संस्थानों में हिंसा-प्रभावित वर्ग की महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा।

## संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक 30 अक्टूबर से



बढ़ता राजस्थान

**नागपुर (एजेंसी)।** कचनार सिटी में आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर जी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक जबलपुर जिले में आयोजित की जा रही है. यह बैठक कार्तिक शुक्ल अष्टमी, नवमी व दशमी 30 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक आयोजित होगी. संघ दृष्टि से भारत के 46 प्रान्तों से 407 कार्यकर्ता बैठक में अपेक्षित हैं. बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन जी भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय जी होसबाले तथा 06 सह सरकार्यवाह, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सहित सभी 11 क्षेत्रों एवं 46 प्रान्तों के संघचालक, कार्यवाह व प्रांत प्रचारक उपस्थित रहेंगे. साथ ही चयनित कार्यकर्ता भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष नागपुर में 02 अक्तूबर 2025 को विजयादशमी से प्रारंभ हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद जी थे. इसमें परम पूज्य दलाई लामा जी के शुभ संदेश का भी वाचन किया गया. इस आयोजन में 14101 स्वयंसेवक गणवेश में सहभागी हुए, साथ ही बड़ी संख्या में नागपुर के नागरिक गण उपस्थित थे. विदेशों से भी विशेष आमंत्रित नागरिक उपस्थित रहे. संघ शताब्दी वर्ष का कार्यक्रम देश भर में बस्तियों व मंडलों में हुआ, जहां स्वयंसेवकों ने गणवेश में भाग लिया. इन कार्यक्रमों में समाज के गणमान्य लोगों ने भी सहभाग किया।

## IGI एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर विमान के पास खड़ी बस में लगी आग, मची अफरा-तफरी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (IGI Airport) के टर्मिनल-3 पर एक विमान के पास खड़ी बस में अचानक आग लग गई। बस में आग लगने से वहां मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

बताया गया कि ग्राउंड-हैंडलर SATS एयरपोर्ट सर्विसेज नाम की कंपनी एअर इंडिया को बस सेवाएं उपलब्ध कराती है, जिससे कर्मियों को एक जगह से दूसरे जगह ले जाया जाता है। इसी कंपनी की एक बस में आग लगी है।

एयरपोर्ट ऑपरेटर दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (DIAL) ने इस घटना को छोटी बताते हुए कहा कि एयरक्राफ्ट रेस्क्यू और फायर-फाइटिंग टीम ने कुछ ही मिनटों में आग पर काबू लिया था। साथ ही यह भी बताया कि कोई हताहत नहीं हुआ है और एयरपोर्ट के रेगुलर ऑपरेशन पर कोई असर नहीं पड़ा है। वहीं, एअर साइड में आग लगने की यह घटना कैसे हुई, इसकी जांच की जा रही है। गनीमत की बात यह है कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार, आग लगने के समय बस में कोई यात्री मौजूद नहीं था। आग लगने की सूचना जैसे ही अग्निशमन को मिली तो तुरंत एयरपोर्ट के अग्निशमन दस्ते का दल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पा लिया। एयरपोर्ट सूत्रों का कहना है कि आग लगने के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लिहाजा मौके से विमान को हटाने की जरूरत नहीं समझी गई। दोनों में इतनी दूरी थी कि आग की चपेट में विमान नहीं आता।

बता दें कि करीब डेढ़ महीने पूर्व भी आईजीआई एयरपोर्ट पर एक विमान के पास खड़े वाहन में आग लगने की घटना सामने आई थी। उस घटना में भी कोई घायल नहीं हुआ था।

## पहली बार भारत में बनेगा यात्री विमान... रूसी कंपनी साथ एचएएल करेगा SJ-100 जेट का निर्माण

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में पहली बार यात्री विमान बनने का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने रूसी कंपनी यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉर्पोरेशन के साथ करार किया है। ये दोनों एयरोस्पेस कंपनियां मिलकर भारत में ही SJ-100 जेट बनाएंगे। दोनों कंपनियों ने इसके लिए मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं। रूस और भारत के बीच यह नया करार, अमेरिका के लिए एक और झटके से कम नहीं है। SJ-100 जेट दो इंजनों वाला विमान है। यह एक नैरो-बॉडी एयरक्राफ्ट है, जिसे आज की तारीख में 16 से ज्यादा कमर्शियल एयरलाइन ऑपरेट कर रहे हैं। अबतक 200 से ज्यादा SJ-100 यात्री विमानों का निर्माण हो चुका है। HAL का कहना है कि यह विमान भारत में उड़ान योजना के तहत कम दूरी की कनेक्टिविटी के लिए एक गेम चेंजर साबित होने वाला है। करार के तहत को घरेलू उपभोक्ताओं के लिए SJ-100 जेट बनाने का अधिकार हासिल होगा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड का कहना है कि उसके और रूसी कंपनी के बीच यह समझौता दोनों संगठनों के आपसी भरोसे का नतीजा है। यह पहला मौका भी होने जा रहा है, जब भारत में एक पूर्ण यात्री बनाया जाएगा। ऐसा आखिरी प्रोजेक्ट का ही AVRO HS-748 का उत्पादन था। यह 1961 में शुरू हुआ था और 1988 में खत्म हो गया। बताया गया है कि भारतीय एविएशन सेक्टर को आने वाले 10 वर्षों में इस तरह के नैरो-बॉडी वाले 200 से ज्यादा यात्री विमानों की जरूरत पड़ने का अनुमान है, जो रीजनल कनेक्टिविटी की आवश्यकताएं पूरी करेंगे। वहीं हिंद महासागर वाले नजदीकी देशों में अंतरराष्ट्रीय टूरिस्ट डेस्टिनेशन के लिए अतिरिक्त 350 विमानों की भी जरूरत पड़ेगी। एचएएल की ओर से कहा गया है कि SJ-100 एयरक्राफ्ट का निर्माण भारतीय एविएशन इंडस्ट्री के इतिहास में एक नए अध्याय का आरंभ है।

## मौलाना तौकीर रजा की न्यायिक हिरासत 14 दिन के लिए बढ़ाई गई

बढ़ता राजस्थान



**बरेली (एजेंसी)।** उपद्रव के आरोप में फतेहगढ़ जेल में बंद मौलाना तौकीर रजा मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई। सीजेएम कोर्ट ने सभी मामलों में उसकी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। अब 11 नवंबर को अगली सुनवाई होगी। तब तक मौलाना को फतेहगढ़ जेल में ही रहना होगा।

कानपुर के आई लव मुहम्मद के पोस्टर की आड़ में मौलाना तौकीर ने 26 सितंबर को शहर में उपद्रव कराया था। उसके आवाह्न पर एकत्र हुई भीड़ ने शहर में कई स्थानों पर पथराव, फायरिंग के साथ पेट्रोल बम फेंककर बवाल किया था। इस बीच कई पुलिसकर्मियों को चोट भी लगीं, पुलिसकर्मियो की असलहा के साथ ही साथ ही वायरलेस आदि भी लूटे गए थे। इस मामले में पुलिस ने पांच थानों में कुल 10 मुकदमे लिखवाए। इनमें से सात मुकदमों में मौलाना को नामजद किया गया और की के तीन मुकदमों में बाद में नाम खोला गया था। 27 सितंबर को ही पुलिस ने मौलाना की गिरफ्तारी कर उसे कोर्ट में पेश किया और फतेहगढ़ जेल में शिफ्ट कर लिया। तब से वह उसी जेल में बंद हैं। मौलाना पर लगातार शिकंजा कसा रहे इसके लिए, वर्ष 2019 में सीएए-एनआरसी का विरोध प्रदर्शन करने पर लिखे गए मुकदमे भी रिमांड मंजूर कराई।

## राजस्थान में यहां हुई रेकॉर्ड बारिश, 3 नवम्बर से सक्रिय होगा नया पश्चिमी विक्षोभ

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान के कई जिलों में बीते 24 घंटे में रेकॉर्ड बारिश हुई है। अक्टूबर महीने में अभी तक की सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है। मौसम केन्द्र के अनुसार अरब सागर की खाड़ी में एक अवदाब बनने और एक परिसंचरण तंत्र उत्तर-पूर्वी राजस्थान व आसपास क्षेत्र के ऊपर अवस्थित है। इसके असर से राज्य के दक्षिणी व पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं भारी व अतिभारी बारिश दर्ज हुई है। इसके अलावा वर्तमान में बंगाल की खाड़ी में एक तीव्र चक्रवर्ती तूफान 'मोंथा' आंध्रप्रदेश तट के पास बना हुआ है। इस चक्रवाती तूफान के असर से राजस्थान में आने वाली पूर्वी हवा में नमी की मात्रा बढ़ गई है।

बीते 24 घंटे में सर्वाधिक बारिश बूंदी के नैनवां में 130 मिलीमीटर दर्ज की गई है। इसके अलावा भीलवाड़ा में 88 और चित्तौड़गढ़ में 68 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम केन्द्र के अनुसार अक्टूबर महीने में तीनों जगह पहली बार इतनी बारिश रेकॉर्ड की गई है। इधर, बारिश के चलते हवा में नमी बढ़ने से दिन में सर्दी का अहसास होने लगा। दिन और रात के तापमान गिरावट दर्ज की गई। दिन का पारा पांच और रात का पारा चार डिग्री तक गिर गया। मौसम मौसम केन्द्र के अनुसार मंगलवार को उदयपुर, कोटा संभाग व आसपास के जिलों में कहीं-कहीं भारी और अजमेर, जयपुर और भरतपुर व जोधपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ हल्की-मध्यम बारिश हुई।

## सरस ने 12 घंटे के अंदर देसी घी के बढ़े दाम घटाए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) ने सरस घी के दामों में बढ़ोतरी के 12 घंटे के भीतर ही बड़ा फैसला लेते हुए कीमतें वापस ले लीं। सोमवार रात RCDF ने सरस घी को 30 रुपए प्रति लीटर महंगा करने की घोषणा की थी, लेकिन उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया और बाजार स्थिति को देखते हुए मंगलवार सुबह ही यह फैसला वापस ले लिया गया। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा डेयरी उत्पादों पर जीएसटी दरों में कटौती के बाद RCDF ने घी के दामों में 37 रुपए तक की कमी की थी। उस समय सरस घी का भाव 588 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 551 रुपए किया गया था। किंतु कीमतों में अचानक की गई इस बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं में असंतोष फैल गया। केंद्र सरकार ने 22 सितंबर को दूध और उससे बने उत्पादों पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% कर दिया था। जिन उत्पादों पर पहले 5% जीएसटी लागू था, उन्हें शून्य जीएसटी श्रेणी में रखा गया। सरकार ने इसे आम जनता को राहत देने वाला कदम बताया था।

## पांच महानगरों में करीब 900 वर्ग किलोमीटर भूमि धंस रही: अध्ययन

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली और चेन्नई सहित भारत के पांच महानगरों में लगभग 900 वर्ग किलोमीटर भूमि संभवतः धंस रही है और इससे 19 लाख लोगों को प्रति वर्ष चार मिलीमीटर से अधिक की भू धंसाव दर का सामना करना पड़ सकता है। एक अध्ययन में यह आकलन किया गया है।

अमेरिका के वर्जीनिया पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट और स्टेट यूनिवर्सिटी के अनुसंधानकर्ताओं ने 2015-23 के दौरान एकत्रित उपग्रह चित्रों का विश्लेषण किया और पाया कि 2,400 से अधिक इमारतों पर पहले से ही संरचनात्मक क्षति का खतरा मंडरा रहा है। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि भूमि धंसने से बाढ़ और भूकंप का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि जब किसी शहर के नीचे की जमीन असमान रूप से धंसती है, तो इससे नींव कमज़ोर हो सकती है, बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो सकती हैं और ढांचा कमजोर हो सकता है।

'नेचर सस्टेनेबिलिटी' पत्रिका में प्रकाशित अनुसंधान पत्र के मुताबिक अगर भूमि में धंसाव की यह दर जारी रही, तो अगले 50 वर्षों में 23,500 से ज्यादा इमारतों को बहुत ज्यादा संरचनात्मक क्षति का सामना करना पड़ सकता है। अध्ययन में दिल्ली और चेन्नई के अलावा मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु की इमारतों का अध्ययन किया गया। वर्जीनिया पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट एंड स्टेट यूनिवर्सिटी के स्नातक छात्र और अनुसंधान पपत्र के प्रमुख लेखक नितेशनिर्मल सदाशिवम ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि अध्ययन में शामिल शहरों में भूमि धंसाव के प्रमुख कारकों में अत्यधिक भूजल का दोहन शामिल है, तथा घनी आबादी वाले क्षेत्रों में भवनों का भार भी भूमि धंसाव का कारण बन रहा है।

उन्होंने कहा, ''वर्तमान धंसाव दर और भविष्य की स्थितियों का सटीक विश्लेषण इंगित करता है कि दिल्ली-एनसीआर में भवनों को नुकसान पहुंचने का खतरा सबसे अधिक है।'' अनुसंधान पत्र के लेखकों ने कहा कि अनुमान है कि 2030 तक नई दिल्ली, जापान के तोक्यो को पीछे छोड़कर विश्व की सबसे बड़ा महानगर बन जाएगा तथा भारत में दो अतिरिक्त महानगर भी उभरने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि देश की जनसंख्या 2024 तक 0.92 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जिससे कई शहरी क्षेत्रों में पानी की गंभीर कमी हो सकती है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र
मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार